# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 6 सितंबर 2026

संवत 2083, भाद्रपद कृष्ण 9 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-10, अंक 02, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ समुद्र के रहस्य, जानकर दंग रह जाएंगे

वेदिका पिंटो की प्रोसीत रॉय की अगली फिल्म में मिली एंट्री ◂◂ 6


# नहीं रहे झारखंड के उच्च शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू, हार्ट अटैक से हुआ निधन




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**रांची/गिरिडीह:** झारखंड सरकार के उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का रविवार को निधन हो गया। शनिवार देर रात गिरिडीह में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली।

**हार्ट अटैक को बताया जा रहा मौत की वजह:** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हार्ट अटैक को उनकी मौत की वजह बताया जा रहा है। हालांकि, मौत की वजह को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। शनिवार को सुदिव्य कुमार सोनू शिक्षक दिवस के कार्यक्रमों में शामिल हुए थे।

**कई महत्वपूर्ण विभागों की संभाल रहे थे जिम्मेदारी:** सुदिव्य कुमार सोनू झारखंड सरकार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा के साथ नगर विकास एवं आवास, पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद और युवा कार्य विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। वह गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक थे।

**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी नेताओं में थी गिनती:** सुदिव्य कुमार सोनू मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी नेताओं में गिने जाते थे। झामुमो में उन्होंने संगठन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली थीं। पार्टी और सरकार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर उनकी सक्रिय भूमिका रहती थी।

**निधन से झामुमो और राजनीतिक गलियारे में शोक:** सुदिव्य कुमार सोनू के निधन की खबर से झारखंड के राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में शोक की लहर है। उनके परिवार, समर्थकों और झारखंड मुक्ति मोर्चा में गहरा शोक है। पार्टी और सरकार में उनकी भूमिका को महत्वपूर्ण माना जाता था। उनके निधन से झामुमो को बड़ा राजनीतिक और संगठनात्मक नुकसान हुआ है।

## आप हमेशा याद आएंगे भैया.., सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर भावुक हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन



**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर गहरा शोक जताया है। उन्होंने सुदिव्य कुमार सोनू को अपना बड़ा भाई बताते हुए कहा कि उनके निधन की खबर को स्वीकार कर पाना उनके लिए बेहद कठिन है।

**बड़े भाई की तरह हमेशा साथ रहे सोनू भैया:** हेमंत सोरेन ने कहा कि सोनू भैया उनके लिए सिर्फ एक वरिष्ठ साथी या राजनीतिक सहकर्मी नहीं थे, बल्कि बड़े भाई की तरह थे। वह हर कठिन समय में स्नेह, मार्गदर्शन और मजबूती से उनका साथ देते रहे। उनके साथ बिताए पल और उनसे मिली सीख हमेशा उनके साथ रहेंगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड आंदोलन के दौर से ही सुदिव्य कुमार सोनू स्मृति-शेष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के साथ पूरी निष्ठा और मजबूती से खड़े रहे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के एक समर्पित सिपाही के रूप में उन्होंने अपना पूरा जीवन झारखंड की अस्मिता, अधिकार और स्वाभिमान की लड़ाई को समर्पित कर दिया।

हेमंत सोरेन ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का जाना उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है और उनकी कमी हमेशा महसूस होगी। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा कि सोनू भैया के स्नेह, संघर्ष और झारखंड के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को वह जीवनभर अपने साथ लेकर चलेंगे। उन्होंने अपने संदेश के अंत में कहा, आप हमेशा याद आएंगे भैया..

# राजकीय सम्मान के साथ साढ़े 3 बजे पंचतत्व में विलीन होंगे सुदिव्य कुमार सोनू

### गिरिडीह में साढ़े तीन बजे होगा अंतिम संस्कार, अंतिम विदाई देने पहुंचेंगे सीएम हेमंत और कल्पना सोरेन

**मेट्रो रेज**



**रांची/गिरीडीह:** झारखंड सरकार के दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का अंतिम संस्कार रविवार को राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। इस संबंध में झारखंड मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के विशेष कार्य पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिन्हा ने गिरिडीह के उपायुक्त को पत्र भेजा है। जिसमें कहा गया है कि राज्य सरकार ने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू की अंत्येष्टि राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्णय लिया है।

**राज्यभर के नेता उन्हें दे रहे श्रद्धांजलि:** बता दें, दिवंगत सुदिव्य कुमार सोनू झारखंड सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग तथा पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री थे। उनके निधन से राज्य की राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। राज्यभर के नेता और कार्यकर्ता उनके निधन पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।

**आज साढ़े तीन बजे होगी अंत्येष्टि:** वहीं, जारी पत्र के अनुसार, दिवंगत मंत्री के पार्थिव शरीर की अंत्येष्टि रविवार छह सितंबर को अपराह्न साढ़े तीन बजे गिरिडीह के उसरी नदी स्थित हरसिंहरायडीह श्मशान घाट में की जाएगी। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

## मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के निधन पर झारखंड में शोक की लहर, पूर्व मुख्यमंत्रियों ने जताया गहरा दुख







मेट्रो रेज

**रांची:** झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर पूरे प्रदेश में शोक की लहर है। राज्य के कई पूर्व मुख्यमंत्रियों और वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन को झारखंड की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति बताया है।

**चंपाई सोरेन ने कहा-** अंतिम जोहार : पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सुदिव्य सोनू के असामयिक निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि मरांग बुरु दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। अपने संदेश के अंत में उन्होंने कहा - अंतिम जोहार।

**बाबूलाल मरांडी ने बताया अपूरणीय क्षति:** भाजपा नेता और झारखंड के पहले मुख्यमंत्री रहे बाबूलाल मरांडी ने गहरा दुख जताते हुए कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू कुशल जनप्रतिनिधि और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनका निधन झारखंड की राजनीति के लिए अपूरणीय क्षति है।

**रघुबर दास ने कहा बेहद दुखद:** पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास ने भी निधन को बेहद दुखद बताया। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों व समर्थकों को इस कठिन समय में हिम्मत देने की प्रार्थना की।

अर्जुन मुंडा बोले- खबर स्तब्ध करने वाली: पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन की खबर बेहद दुखद और स्तब्ध करने वाली है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

**मधु कोड़ा ने बताया हृदयविदारक:** पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने सुदिव्य कुमार सोनू के निधन को बेहद दुखद और हृदयविदारक बताया। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति देने और शोकाकुल परिवार व समर्थकों को इस अपार दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

## मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन पर झारखंड में 2 दिन का राजकीय शोक, बंद रहेंगे सभी सरकारी कार्यालय

**रांची:** झारखंड सरकार के नगर विकास, उच्च व तकनीकी शिक्षा तथा पर्यटन व खेलकूद मामलों के मंत्री सुदिव्य कुमार के निधन से पूरा राज्य स्तब्ध है। रविवार (6 सितंबर) की सुबह गिरिडीह स्थित मर्सी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली।

मंत्री सुदिव्य कुमार के असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राज्य सरकार ने उनके सम्मान में दो दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा आधिकारिक संकल्प जारी कर दिया गया है।

दो दिन तक आधा झुका रहेगा राष्ट्रीय ध्वजः मंत्रिमंडल सचिवालय के संकल्प के अनुसार, 6 और 7 सितंबर को पूरे झारखंड में राजकीय शोक का पालन किया जाएगा। इस अवधि में राज्य के उन सभी सरकारी भवनों और संस्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज (तिरंगा) आधा झुका रहेगा, जहां यह नियमित रूप से फहराया जाता है। इसके साथ ही, शोक की इस अवधि के दौरान राज्य भर में किसी भी प्रकार के आधिकारिक या राजकीय समारोह का आयोजन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

सोमवार को रहेगा राजकीय अवकाश, प्रशासनिक आदेश जारीः दिवंगत मंत्री को श्रद्धांजलि देने और उनके सम्मान में राज्य सरकार ने सोमवार 7 सितंबर को झारखंड के सभी सरकारी कार्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया है। विशेष कार्य पदाधिकारी अखलेश कुमार सिन्हा के हस्ताक्षर से इस संबंध में सभी अपर मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, विभागाध्यक्षों, प्रमंडलीय आयुक्तों, उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी दिए गए हैं। कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग को अवकाश संबंधी औपचारिक आदेश जारी करने के लिए कहा गया है, जिसकी प्रतिलिपि भारत सरकार के गृह मंत्रालय और झारखंड उच्च न्यायालय को भी प्रेषित कर दी गई है।

## रांची में निर्माणाधीन मकान की दीवार गिरी, मलबे में दबकर मजदूर की मौत, ठेकेदार फरार



**रांची :** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में काम करने के दौरान बड़ा हादसा हो गया। पैंटालून मॉल के सामने चल रहे निर्माण कार्य के दौरान अचानक एक दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार के मलबे में दबने से एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही लालपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से मलबा हटाकर मजदूर को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मृत मजदूर पश्चिम बंगाल के झालदा का रहने वाला था। वहीं, निर्माण कार्य का ठेकेदार भी झालदा का रहने वाला बताया जा रहा है। हादसे के बाद से ठेकेदार मौके से फरार है।

पुलिस अब हादसे के कारणों की जांच करने के साथ-साथ निर्माण कार्य से जुड़े लोगों से भी जानकारी जुटा रही है। मृत मजदूर की पहचान और घटना से संबंधित अन्य जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है।

# एमपी में जहरीली शराब का तांडव, 9 लोगों की मौत, 25 से ज्यादा अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता**



**सागर :** मध्य प्रदेश के सागर जिले में अवैध और जहरीली शराब पीने से भारी हाहाकार मच गया है। चार अलग-अलग गांवों में जहरीली शराब के सेवन से अब तक 9 लोगों की दर्दनाक मौत हो चुकी है, जबकि 25 से अधिक लोग गंभीर हालत में विभिन्न अस्पतालों में जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। प्रभावित इलाकों से करीब 35 लोगों को इलाज के लिए लाया गया था, जहां कई मरीजों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें बुंदेलखंड मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल सागर रेफर किया गया है। अधिकारियों ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या में अभी और इजाफा हो सकता है।

नीले पड़ गए मरीजों के शरीर, कईयों को जकड़न की शिकायतः अस्पताल में मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों के अनुसार, जहरीली शराब का असर इतना घातक था कि भर्ती कराए गए लोगों के शरीर नीले पड़ चुके थे और मांसपेशियों में गंभीर अकड़न देखी गई। इस दिल दहला देने वाले घटनाक्रम के सामने आते ही स्वास्थ्य विभाग और पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया है। आनन-फानन में स्वास्थ्य टीमों को चारों प्रभावित गांवों में घर-घर स्क्रीनिंग के लिए रवाना किया गया है, ताकि शराब का सेवन करने वाले अन्य ग्रामीणों की तुरंत पहचान कर उन्हें समय रहते इलाज मुहैया कराया जा सके।

**कलेक्टर की सख्त अपील: 48 घंटे में शराब पी हो तो फौरन कराएं जांच :** मामले की गंभीरता को देखते हुए सागर की कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आम जनता से बेहद सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पिछले 24 से 48 घंटों के भीतर किसी भी प्रकार की शराब का सेवन किया है या जिनमें जहरीली शराब से जुड़े कोई भी लक्षण नजर आ रहे हैं, वे बिना कोई देरी किए तुरंत अपनी मेडिकल स्क्रीनिंग कराएं। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि प्रभावित लोग नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र, स्थानीय डॉक्टरों की टीम या सीधे सिविल अस्पताल पहुंचकर जांच कराएं, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।

## महानंदा एक्सप्रेस आरा स्टेशन के पास डिरेल, इंजन समेत 3 कोच पटरी से उतरे



**भोजपुरः** बिहार के भोजपुर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय-दानापुर रेलखंड पर रविवार सुबह एक बड़ा रेल हादसा हो गया। यहां सुबह करीब 4 बजे आरा रेलवे स्टेशन पर 15483 अलीपुरद्वार जंक्शन-दिल्ली महानंदा एक्सप्रेस डिरेल हो गई। यह ट्रेन आरा स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-2 पर पहुंचने के बाद दिल्ली की ओर रवाना हो रही थी। सिग्नल प्रणाली में गड़बड़ी के कारण यह हादसा हुआ। रेलवे ने राहत-बचाव कार्य शुरू किया है।

जानकारी के अनुसार, महानंदा एक्सप्रेस सुबह करीब 4.12 बजे आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर पहुंची थी। यहां से ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना होना था। बताया जा रहा है कि ट्रेन के परिचालन के दौरान किसी तकनीकी समस्या के कारण उसका सिग्नल सासाराम लाइन की ओर चला गया। इसके बाद ट्रेन आगे बढ़ी और स्टेशन से करीब 200 मीटर की दूरी पर अप लाइन में डिरेल हो गई।इंजन के साथ एसएलआर और एच-1 कोच के पटरी से उतरने के बाद रेलवे कर्मियों ने तत्काल कार्रवाई शुरू की।

# बोकारो : सेक्टर-6 डेली मार्केट में लगी आग 7-8 दुकानें जलकर खाक, लाखों का नुकसान

संवाददाता

**बोकारो:** जिले के सेक्टर-6 स्थित डेली मार्केट में आज रविवार सुबह करीब 6 बजे आग लग गई। आग की चपेट में आने से 7 से 8 दुकानें जलकर खाक हो गईं। इस घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। हालांकि नुकसान का वास्तविक आकलन किया जा रहा है।

आग लगने की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकानदारों को अपनी दुकानों में रखे सामान निकालने का मौका तक नहीं मिल सका।

घटना की सूचना मिलने पर सेक्टर-6 थाना प्रभारी संगीता कुमारी भी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल पर जुटी भीड़ को नियंत्रित किया। पुलिस और स्थानीय प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। आग लगने के कारणों को लेकर स्थानीय लोगों ने शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई है। हालांकि आग लगने की वास्तविक वजह की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।



**मिठाई, सैलून और अन्य दुकानें हुईं राखः** आग की चपेट में मिठाई दुकान, पूजा सिटी गोल्ड, सैलून दुकान, दुर्गा ग्लास, विशन सेंटर समेत अन्य दुकानें आयी हैं। प्रसाद मिठाई दुकान की भी तीन दुकानें जलने की बात सामने आई है। आग में दुकानों के अंदर रखा सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया।

**विश्वकर्मा पूजा के लिए आया था ऑर्डर का सामानः** घटना के बाद पीड़ित दुकानदारों का रो-रोकर बुरा हाल है। दुकानदारों ने बताया कि वे सभी अपने घरों में सो रहे थे। अचानक आग लगने की सूचना मिलने पर वे तुरंत मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी।

दुकानदारों ने बताया कि विश्वकर्मा पूजा नजदीक होने के कारण दुकानों में ऑर्डर का काफी सामान मंगाया गया था। एक दुकानदार ने कहा, दुकान में रखे 10 हजार रुपये भी जल गये। पीड़ित दुकानदारों ने कहा कि उनकी वर्षों की मेहनत और जीवनभर की कमाई इस आग में खत्म हो गयी।

## तीन मौतों के बाद एक्शन में स्वास्थ्य विभाग गांव पहुंची टीम ने 75 लोगों का लिया सैंपल

संवाददाता

**रामगढ़:** भदानीनगर थाना क्षेत्र के पाली-सुद्दी पारगढ़ा गांव में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू की।

टीम ने गांव में लोगों की स्वास्थ्य जांच की और करीब 75 लोगों के ब्लड सैंपल लिए। इन सभी सैंपलों की मलेरिया और टाइफाइड की जांच कराई गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, किसी भी व्यक्ति की रिपोर्ट पॉजिटिव नहीं मिली है। सभी रिपोर्ट सामान्य आई हैं।

गांव में दो नाबालिग बच्चों रामकिशुन बेदिया (15) और साहिल बेदिया (9) की मौत के बाद उनकी मां संगीता देवी की भी मौत हो गई। करीब 24 घंटे के अंदर एक ही परिवार में तीन मौतों से गांव में चिंता का माहौल है।

मौके पर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम में सिविल सर्जन डॉ। अनिल कुमार, यक्ष्मा अधिकारी डॉ। स्वराज और डा सत्यप्रकाश शामिल थे। टीम ने गांव की स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से भी जानकारी ली।

**मलेरिया-टाइफाइड की संभावना कमः** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार शुरूआती जांच में तीनों मौतों की वजह मलेरिया या टाइफाइड होने की संभावना कम दिखाई दे रही है। इन बीमारियों में आमतौर पर बुखार प्रमुख लक्षण होता है, जबकि मृतकों में बुखार का कोई स्पष्ट लक्षण सामने नहीं आया था। तीनों में अलग-अलग तरह के लक्षण बताए गए हैं।

विभाग अब यह भी जांच करेगा कि मृतकों का इलाज कहां और किस आधार पर किया गया था। उन्हें मलेरिया और टाइफाइड बताए जाने की वजह भी पता की जाएगी। इसके साथ ही जांच किस लैब में हुई थी और इलाज करने वाले डॉक्टर की योग्यता क्या थी, इसकी भी जानकारी जुटाई जाएगी।

**पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजारः** संगीता देवी के शव का शुक्रवार शाम रामगढ़ में पोस्टमार्टम कराया गया। अब स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की सही वजह सामने आने की उम्मीद है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में स्थिति पर नजर रख रही है। तीन मौतों के बाद ग्रामीणों में किसी बीमारी को लेकर डर न फैले, इसे लेकर भी स्वास्थ्य विभाग जांच और निगरानी कर रहा है।

## गोविंदपुर में 08 सितंबर को लगेगा स्वास्थ्य आपके द्वार शिविर

**खूंटीः** जिले के सुदूरवर्ती एवं पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की ओर से स्वास्थ्य आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त मो जावेद हुसैन के निदेर्शानुसार 08 सितंबर 2026 को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, गोविंदपुर में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक चलेगा।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा दंत चिकित्सा, नेत्र चिकित्सा और रक्तदान वाहन के माध्यम से भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। जरूरतमंद लोगों को दवा वितरण के साथ टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, टीबी, मलेरिया, कुष्ठ, एनसीडी और सिकल सेल समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच की सुविधा मिलेगी। वहीं, शिविर में आभा कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड बनाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। आवश्यकतानुसार निजी अस्पतालों के विशेषज्ञ चिकित्सकों से भी स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की जा सकेंगी। उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने गोविंदपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से शिविर में अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर स्वास्थ्य जांच और उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़े। उल्लेखनीय है कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार प्रखंड स्तर पर प्रत्येक माह एक बार स्वास्थ्य आपके द्वार कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## उपायुक्त ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

## विभिन्न वार्डों व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा, दिया आवश्यक दिशा निर्देश



संवाददाता

**खूंटीः** उपायुक्त मो जावेद हुसैन ने आज सदर अस्पताल खूंटी का निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, प्रसव कक्ष, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू, आईसीयू,ओपीडी, ईएनटी,एनसीडी जांच घर, मातृ-शिशु अस्पताल, दवा वितरण केंद्र, मरीज रजिस्ट्रेशन काउंटर, चिकित्सक कक्ष समेत विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों के संचालन, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति तथा मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी वार्डों का संचालन बेहतर ढंग से सुनिश्चित हो तथा मरीजों को समय पर समुचित एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता एवं स्टॉक की समीक्षा करते हुए आवश्यक दवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा अधिक खपत वाली दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अस्पताल परिसर एवं शौचालयों की नियमित साफ-सफाई, मेडिकल वेस्ट के समुचित प्रबंधन, पेयजल व्यवस्था तथा मरीजों के परिजनों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के विभिन्न स्थानों पर आवश्यक साइनेज बोर्ड एवं अन्य सुविधाएं विकसित करने को कहा, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को विभिन्न विभागों तक पहुंचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को पूरी तत्परता, संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ मरीजों की सेवा करने तथा रोस्टर के अनुसार चिकित्सकों, एएनएम, जेएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्ळव के बेहतर संचालन एवं उपलब्ध संसाधनों के समुचित उपयोग पर विशेष जोर दिया। साथ ही ढरअ प्लांट को शीघ्र चालू करने की दिशा में आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करने हेतु सिविल सर्जन एवं संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त ने अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों से मुलाकात की, उन्हें दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं एवं भोजन आदि के बारे में जानकारी ली एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। लैब संचालन की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने जांच घर के बाहर सभी जांचों की दरों का स्पष्ट रेट चार्ट प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। मरीजों को सैंपल देने में अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े, इसके लिए अतिरिक्त कलेक्शन सेंटर की व्यवस्था को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण जांच, सही तरीके से सैंपल कलेक्शन एवं समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की देरी न हो।

# अर्जुन सिंह को भाजपा किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष

### अर्जुन सिंह के नेतृत्व क्षमता का, संगठन व किसानों को मिलेगा लाभः सुनील सिंह

मेट्रो रेज

**रांची:** अर्जुन सिंह को झारखंड भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह ने शॉल ओढ़ाकर व गुलदस्ता भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकताओं द्वारा मिठाई बांटकर खुशियां मनाई गई। मौके पर मोर्चा के निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन साहू भी मौजूद रहे। उन्होंने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह को बधाई देते हुए गर्मजोशी से स्वागत उनका स्वागत किया तथा उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी। वही बधाई देते हुए सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि ऐसे निष्ठावान, कुशल संगठनकर्ता केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा झारखंड के किसानों के हित में किए गए जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ झारखंड के किसानों को कैसे मिले इसके लिए प्रखंड व पंचायत स्तर पर मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के माध्यम से संघर्ष कर सदा कार्य करने वाले किसानों के मसीहा अर्जुन सिंह के नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा। कहा कि अर्जुन सिंह बखूबी बतौर प्रदेश महामंत्री का दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। उन्हें संगठन चलाने का अनुभव प्राप्त है। वे अपने दायित्व एवं कर्तव्यों को कुशलतापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को ऊंचाई व नया आयाम तक पहुंचाने में तथा झारखंड के किसानों को अत्यधिक सबल बनाने में, मजबूती प्रदान करेंगे, ऐसी हमारी आकांक्षा व शुभकामना है। इस मौके पर नव मनोनीत मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने कहा कि आप सबों का सम्मान और प्यार पाकर अभिभूत हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जिस आशा, उम्मीद और विश्वास के साथ हमे किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है, उसे पर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। संगठन को मजबूती प्रदान करने हेतु कार्य करते हुए मोर्चा के साथियों के साथ मिलकर किसानों के हित में सदैव कार्य करूंगा। केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को लाभ किसानों तक कैसे पहुंचे, इसकी समुचित व्यवस्था करने का प्रयास करूंगा। मौके पर मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष विक्रांत उपाध्याय, अजय दुबे, अरविंद खुराना, प्रदेश महामंत्री अजय मुंडा, प्रदेश मंत्री मनमीत अकेला, डॉ विनोद ठाकुर, कार्यालय मंत्री सज्जन पंकज, मीडिया प्रभारी अंचल तिवारी, सुरेंद्रनाथ, अवधेश दुबे, सफदर अली, पिंटू सिंह, राजीव नाथ शाहदेव, डॉ रानी ठाकुर, संजय शर्मा, मणि शंकर, हरिशंकर तिवारी, बैजनाथ साहू, सुनील साहू,त्रिपुरारी नाथ तिवारी सहित कई अन्य पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## बांसारुली पंचायत में शिक्षक दिवस का आयोजन

**मुरीः** शनिवार को नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच सिल्ली द्वारा बांसारुली में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। इसकी अध्यक्षता पी महतो ने की। शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में नेचर हार्ट स्कूल के निदेशक ए कुमार ने उपस्थित लोगों से शिक्षा के प्रचार प्रसार हेतु अभिभावक के सहयोग की महत्ता पर प्रकाश डाला। मंच के अध्यक्ष, कोषाध्यक्ष ने भी समारोह को संबोधित कर शिक्षा और शिक्षक की भूमिका को विस्तार से बताया। सचिव ज्योति प्रसाद साहु ने सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जीवनी एवं बच्चों के विकास पर प्रकाश डाला। संचालन दिनेश साहु और धन्यवाद ज्ञापन अशोक चौधरी ने किया। मौके पर महेश्वर मंडल, दुखी राम महतो,किस्टो महतो, राजेन्द्र प्रसाद महतो, सविता महतो, शोभा महतो, रेणुका महतो,रूनी बाला, निशा,प्रीति कुमारी, पदमलोचन महतो, अमुल्य रत्न महतो, श्री हरि महतो, बैधनाथ महतो, विकास मुंडा, शंकर महतो, संजय महतो व दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## अपनी स्पेशल चाय के लिए चर्चा में है चौधरी चाय स्टॉल (दिनु)




**मुरीः** इन दिनों मुरी रेलवे मार्केट में चौधरी चाय स्टॉल पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सिलाई मशीन छाप दिनेश चौधरी (दिनु) अपनी स्पेशल चाय के लिए काफी चर्चा में है। अपने खास अंदाज में चाय बनाने की कला से दिनु ने सभी का मन मोह लिया है। रोज सुबह-शाम स्टॉल पर भीड़ देखने को मिलती है। रेलवे स्टाफ, पुलिस प्रशासन, ट्रेन के गार्ड-ड्राइवर से लेकर आम जनता तक, सभी यहाँ की चाय पीने आते हैं। अदरक और इलायची मिलाकर बनाई गई कड़क और सुगंधित चाय, जिसका स्वाद ही कुछ और है। शादी-पार्टी और अन्य शुभ अवसरों पर बुकिंग के लिए मोबाइल नंबर - 9931176147 पर संपर्क किया जा सकता है।

## खूंटी में गूंजा जेपीएससी-जेसएससी भर्ती सुधार का मुद्दा, देवेंद्र नाथ महतो ने किया सड़क मार्च



**खूंटीः** जिले में जेपीएससी और जेएसएससी की भर्ती प्रक्रिया में कथित अनियमितता, पेपर लीक और भ्रष्टाचार के खिलाफ जेएलकेएम नेता देवेंद्र नाथ महतो ने सड़क मार्च किया। अपनी 24 जिला व्यवस्था सुधार यात्रा के 13वें दिन खूंटी पहुंचे देवेंद्र नाथ महतो ने बिरसा कॉलेज परिसर में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद उन्होंने छात्रों और समर्थकों को संबोधित करते हुए भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, स्थानीय मूलवासी और जनजातीय युवाओं को अधिकार तथा कथित दलाली प्रथा पर रोक लगाने की मांग की।

बिरसा कॉलेज से शुरू हुआ विरोध मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भगत सिंह चौक और फिर नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पहुंचा। इस दौरान देवेंद्र नाथ महतो, छात्रों और कार्यकर्ताओं ने भगत सिंह एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और जमकर नारेबाजी की। मार्च में तीर-धनुष और तिरंगा झंडा भी नजर आया। देवेंद्र नाथ महतो ने सरकार से जेपीएससी और सीजीएल परीक्षाओं में कथित भ्रष्टाचार एवं धांधली खत्म करने और आगामी परीक्षाओं को स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से कराने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आगे झारखंड बंद का आह्वान किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद देवेंद्र नाथ महतो अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत तोरपा और रनिया के लिए रवाना हो गए।

### झारखंड चेंबर चुनाव में रिकॉर्ड दावेदारी

# मैदान में उतरे 86 उम्मीदवार, चार हजार से अधिक मतदाता करेंगे मतदान

### चेंबर का वार्षिक चुनाव 13 सितंबर को राजधानी के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा

संवाददाता

**रांचीः** फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के वार्षिक चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज हो गई है। चेंबर का वार्षिक चुनाव आगामी 13 सितंबर 2026 को राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। इस बार का चुनाव कई मायनों में खास और ऐतिहासिक होने जा रहा है। चुनाव में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।



चुनाव समिति के अनुसार, इस बार कुल 86 उम्मीदवारों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया था। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के लिए कुल छह उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। वहीं, 12 सितंबर को होने वाली एजीएम में तीन नामों का चयन सर्वसम्मति से किए जाने की बात कही गई है।

इस चुनाव में चेंबर का वार्षिक चुनाव आगामी 13 सितंबर 2026 को राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। के कुल 4,133 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 3,545 मतदाता राजधानी रांची से हैं। बड़ी संख्या में मतदाताओं और उम्मीदवारों की मौजूदगी के कारण इस बार चेंबर का वार्षिक चुनाव आगामी 13 सितंबर 2026 को राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। चुनाव को लेकर व्यावसायिक जगत में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

मतदान प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए चुनाव समिति की ओर से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। करीब चार हजार मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मतदान स्थल पर 40 कंप्यूटर लगाए जा रहे हैं। इससे मतदान प्रक्रिया को तेज करने के साथ ही मतदाताओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी।

चुनाव समिति ने बताया कि 13 सितंबर की सुबह नौ बजे से मतदान शुरू होगा। मतदान को लेकर आवश्यक व्यवस्थाएं पूरी की जा रही हैं। चेंबर का वार्षिक चुनाव आगामी 13 सितंबर 2026 को राजधानी रांची के हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में आयोजित किया जाएगा। पदाधिकारियों और चुनाव समिति की ओर से मतदान स्थल पर भीड़ प्रबंधन, तकनीकी व्यवस्था और अन्य जरूरी इंतजामों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। रिकॉर्ड संख्या में उम्मीदवारों और हजारों मतदाताओं की भागीदारी के कारण इस बार के चुनाव पर पूरे व्यापारिक जगत की नजर है।

# पद पर रहते हुए झारखंड के तीन शिक्षा मंत्रियों का निधन

## जगरनाथ महतो और रामदास सोरेन के बाद सुदिव्य कुमार सोनू का निधन


**मेट्रो रेज**




**रांची:** झारखंड में शिक्षा विभाग से जुड़े तीन मंत्रियों का पद पर रहते निधन हो चुका है। रविवार, 6 सितंबर 2026 को उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू का गिरिडीह में इलाज के दौरान निधन हो गया। इससे पहले स्कूल शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो और रामदास सोरेन का भी मंत्री पद पर रहते निधन हुआ था। जगरनाथ महतो का अप्रैल 2023 में चेन्नई में इलाज के दौरान निधन हुआ था। वहीं, रामदास सोरेन का अगस्त 2025 में दिल्ली में निधन हुआ था। 2 अगस्त को घर के बाथरूम में गिरने के बाद उनकी हालत गंभीर हो गई थी।सुदिव्य कुमार सोनू करीब 56 वर्ष के थे और गिरिडीह से दो बार विधायक रह चुके थे। 5 सितंबर की देर रात उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इसके बाद उन्हें गिरिडीह के मर्सी अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 6 सितंबर की सुबह उनका निधन हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उनकी मौत हार्ट अटैक या कार्डियक अरेस्ट से बताई जा रही है।सोनू के मंत्री रहते झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी परीक्षाओं को लेकर छात्र आंदोलन तथा कथित अनियमितताओं के मामले लगातार चर्चा में रहे। 11वीं से 13वीं जेपीएससी परीक्षा समेत विभिन्न मामलों की जांच सीआईडी कर रही है।जेपीएससी की पूर्व सदस्य डॉ। अनिमा हांसदा ने अपने बयानों में दावा किया था कि 11वीं और 13वीं जेपीएससी मेन्स के परिणामों में कथित त्रुटियों के कारण उन्होंने उन पर हस्ताक्षर नहीं किए थे और इसकी जानकारी उच्च शिक्षा मंत्री को दी थी। उन्होंने अपने ऊपर लगे आर्थिक लेन-देन के आरोपों से इनकार किया है।वहीं, सीआईडी मामले में गिरफ्तार आरोपी अभय तिवारी ने जेपीएससी के कुछ अधिकारियों और सदस्यों पर इंटरव्यू के अंक बढ़ाने तथा पैसों के लेन-देन से जुड़े आरोप लगाए हैं। ये आरोप फिलहाल जांच के अधीन हैं और अदालत में साबित नहीं हुए हैं।सार्वजनिक जानकारी के आधार पर सुदिव्य कुमार सोनू पर 11वीं-13वीं जेपीएससी मामले में कोई कानूनी आरोप स्थापित नहीं हुआ है। डॉ। अनिमा हांसदा द्वारा मंत्री को कथित तौर पर जानकारी दिए जाने और सोनू की मृत्यु के बीच भी कोई सीधा संबंध सामने नहीं आया है। ऐसे में उनकी मौत को जेपीएससी विवाद से जोड़ना फिलहाल अटकल मात्र होगा।

# जनहित के प्रति सुदिव्य कुमार का समर्पण अविस्मरणीय : सुबोधकांत सहाय

**मेट्रो रेज**


मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन की खबर

**रांची:** पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने झारखंड सरकार के नगर विकास, पर्यटन, कला-संस्कृति,खेलकूद एवं युवा कार्य तथा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया है। श्री सहाय ने अपनी शोक संवेदना में कहा है कि गिरिडीह के लोकप्रिय विधायक व झारखंड सरकार के अत्यंत दुखद व मर्माहत करने वाली है।

उनके असामयिक निधन से झारखंड की राजनीति में शून्यता आ गई है। जनहित के प्रति स्व। सोनू का समर्पण भुलाया नहीं जा सकता। मृदुभाषी व सरल व्यवहार के धनी स्वर्गीय सोनू समाज के सभी वर्गों के बीच लोकप्रिय थे।

श्री सहाय ने ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति व शोकाकुल परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## रामेश्वर हेम्ब्रम के निधन पर जिला मत्स्य कार्यालय में शोक सभा

**दुमका:** जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका में पदस्थापित मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक रामेश्वर उरांव के आकस्मिक निधन पर शोक सभा आयोजित की गई।

मौके पर जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रशांत कुमार दीपक व अन्य कर्मियों ने दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से कामना की।

विदित हो कि गोड्डा जिला निवासी स्व.हेंब्रम जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका में मत्स्य प्रसार पर्यवेक्षक के पद पर पदस्थापित थे। आगामी वर्ष (जनवरी 2027 में) वह सेवानिवृत होने वाले थे। स्व.हेम्ब्रम अपने पीछे दो पुत्र और एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जिला मत्स्य कार्यालय, दुमका के सभी कर्मियों ने स्व.हेम्ब्रम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी आत्मा की शांति व उनके परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

इस अवसर पर गोड्डा जिला मत्स्य पदाधिकारी सुशील हांसदा, दुमका कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर गोपाल साह, चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी प्रेम मुर्मू, मत्स्य मित्र उत्तम केवट,मत्स्य पालक के प्रतिनिधि मुकेश मुर्मू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# करम पूजा 22 सितंबर को , पारंपरिक रीति रिवाज से होगी पूजा : अनिल उरांव



**मेट्रो रेज**

**रांची:** बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के तत्वावधान में की एक अतिआवश्यक बैठक करम महापर्व के उपलक्ष्य में धुमकुड़िया घर में संम्पन्न हुई।। बैठक की अध्यक्षता समिति के संरक्षक मांगा उरांव ने किया एवं संचालन समिति के सचिव कृष्णा उरांव ने किया । मौजा के मुख्य बुद्धिजीवी चिलगू लकड़ा ने कहा कि 22 सितंबर एकादशी शुक्ल पक्ष के मंगलवार के दिन उपवास एवं पारंपरिक रीति रिवाज के साथ शाम में 7 बजे से पूजा आरंभ 23 सितंबर को परणा दिनांक 24 सितंबर को परम्पारागत तरीके से करम राजा को गांव में भ्रमण कर विसर्जन किया जाएगा । 25 सितंबर को करम ईद जतरा मनाया जाएगा ।

समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा इस वर्ष भी करम पूजा परंम्पारागत रीति रिवाज,विधि विधान एंव धार्मिक कर्मकाण्ड , मुर्गो की बलि प्रथा के साथ पुजा अर्चना सुनिश्चित किया जाएगा । राज्य सरकार से मांग करते है कि करम पर्व पर तीन दिवसीय राजकीय अवकाश देना चाहिए। ताकि आदिवासी समाज का जो रूढ़िवादी परंपरा और भी बरकरार रहे ।

बैठक में मुख्य रूप से समिति के मुख्य संरक्षक एतवा मुंडा , संरक्षक,, जग्गनाथ उरांव,सुरेश टोप्पो , बिरसा बांडो , आशीष हेमरोम , छोटू लिंडा , सुरेश बांडो ,गंगा कच्छप ,राजेश उराँव , नवीन लिंडा , अविनाश लकड़ा , बिकी बांडो , अभिषेक बांडो , विकास लकड़ा , संजय उरांव , सुशांत उरांव , शांति उरांव, पुतुल कच्छप , सोमारी उरांव, गुँदी उरांव, एतवारी उरांव ,संदीप उराँव ,गुड्डू नायक , मुन्नी उरांव, एवं ग्रामवासी मौजूद थे।

### राधा- कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा

# विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

**मेट्रो रेज**



**रांची:** श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्याय समिति के तत्वाधान में श्री राधा कृष्ण मंदिर राजेंद्र चौक के समीप श्री राम भरत मिलाप समिति द्वारा राधा- कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन जन्माष्टमी के अवसर पर किया गया। समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा ने बताया कि निर्णायक मंडली में सिमी गोस्वामी,सुमिता कुमार, अनिता कुमारी,अंकिता शर्मा के दिए निर्णय के अनुसार विजेताओं की घोषणा की गई जिसमें 0-3 मै बम्पर अयनांश सिंह - प्रथम, हितांश शारदा - द्वितीय, आरव विजय - तृतीय हिरण्या दास। 4 - 7 में बंपर अनन्या कर्मकार- प्रथम, सवैया श्री - द्वितीय, चिम में शारदा -तृतीय, इटाशा कपूर एवं 8-12 बम्बर, सानवी विजय- प्रथम , आशी सिंह- द्वितीय, हर्षिका कुमारी -तृतीय, युविका विजय की घोषणा की गई। कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश के कोषाध्यक्ष दीपक बंका अन्य अतिथियों के साथ उपस्थित थे। जन्मोत्सव समारोह सह मंदिर परिसर में आयोजित मेले के कार्यक्रम में की गई । कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री शिव मंदिर महावीर मंदिर न्यास समिति के सचिव हरिप्रसाद विजयवर्गीय, उमेश बर्मन, देवदास विजय,जयनारायण विजय, संजय कुमार गुप्ता,किशोर विजय , योगेश्वर दुबे , रवि शंकर,इंदु राम श्री राम भारत मिलाप समिति के संरक्षक बीके विजय , अध्यक्ष रोहित शारदा कार्यक्रम संयोजक महेश विजय, प्रिंस पांडे ,प्रिया सिन्हा, जितेंद्र बरनवाल, विवेक आर्य, सौरभ विजय, अनूप बर्मन,विनीता शर्मा , कमल गिरी किरण तिवारी ,अजय राम, कुश विजय ,दीपू सिंह, राधा कृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता मे कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष रोहित शारदा मंच का संचालन अंशु जैन एवं धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजक प्रिंस पांडे ने किया।

# मदरसा इस्लामिया में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

## शिक्षकों ने तालीम की अहमियत पर डाला प्रकाश

**संवाददाता**



**रांची:**राजधानी रांची स्थित मदरसा इस्लामिया में शिक्षक दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मदरसे के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों के बीच उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने उस्तादों (शिक्षकों) के प्रति आदर और सम्मान प्रकट करते हुए उन्हें खूबसूरत तोहफे पेश किए। वहीं, शिक्षकों ने भी अपने संबोधन से छात्रों का मार्गदर्शन किया। शिक्षकों ने बच्चों को तालीम (शिक्षा) की अहमियत समझाते हुए कहा कि एक बेहतर इंसान और सशक्त समाज के निर्माण में शिक्षा की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।

इस गरिमामय कार्यक्रम में मदरसे के प्राचार्य मौलाना शुजाउल हक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ मास्टर शरफुद्दीन रशीदी, मोहम्मद इमरान, जियाउल आसिफ, कारी आकिल जावेद और नसीम खान सहित कई अन्य गणमान्य लोग, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। कार्यक्रम का समापन बेहद सौहार्दपूर्ण माहौल में हुआ, जहां सभी ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# सुदिव्य कुमार सोनू के निधन से झारखंड ने कर्मठ नेता खोया : जुनैद अनवर

**गुलाम शाहिद**



**रांची:** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता, गिरिडीह के विधायक एवं राज्य सरकार में मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आकस्मिक निधन पर झामुमो नेता जुनैद अनवर ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सोनू के निधन की खबर से पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं में शोक की लहर है।

जुनैद अनवर ने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का असामयिक निधन बेहद दुखद और स्तब्ध करने वाला है। उनके निधन से झारखंड की राजनीति ने एक समर्पित, कर्मठ और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध नेता को खो दिया है। उन्होंने कहा कि सोनू का संगठन और जनता के प्रति समर्पण हमेशा याद किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि सुदिव्य कुमार सोनू का अचानक चले जाना झामुमो के साथ-साथ पूरे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके निधन से उत्पन्न रिक्तता को भर पाना आसान नहीं होगा। जुनैद अनवर ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल परिजनों, समर्थकों एवं पार्टी कार्यकताओं को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की।

## कारोबारी से हर महीने मांगा एक लाख रंगदारी नहीं देने पर जान से मारने की दी धमकी

**रांची:** राजधानी के अरगोड़ा थाना क्षेत्र के हरमू हाउसिंग कॉलोनी निवासी कारोबारी शशिकांत शर्मा उर्फ डब्लू शर्मा से वाट्सऐप कॉल के जरिए हर महीने एक लाख रुपये रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। रंगदारी नहीं देने पर उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई है। मामले को लेकर शशिकांत शर्मा ने अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

4 सितंबर को कारोबारी को किया था कॉलः एफआईआर में बताया गया है कि 4 सितंबर 2026 को दोपहर करीब 1:59 बजे उनके मोबाइल पर वाट्सऐप कॉल आया। कॉल करने वाले ने उनसे हर महीने एक लाख रुपये देने की मांग की। शिकायतकर्ता के अनुसार, रकम नहीं देने पर धमकी दी गई कि उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया है कि आरोपी की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी उनके पास है।

**कारोबारी ने कराया मामला दर्ज :** शिकायतकर्ता डब्लू शर्मा के अनुसार रंगदारी मांगने वाले का नाम रुद्र प्रताप सिंह उर्फ रुद्र है। मामले में अरगोड़ा थाना कांड संख्या 239/2026 दिनांक 4 सितंबर 2026 को दर्ज किया गया है। प्राथमिकी में बीएनएस की धारा 308(3), 308(5) और 351(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। कारोबारी डब्लू शर्मा को धमकी 8945510186 नंबर से दी गई है।

जांच में जुटी पुलिसः मामले की गंभीरता को देखते हुए अरगोड़ा

# दुर्गा पूजा समिति, भूताह तालाब का खूंटी पूजन संपन्न ,कमिटी का गठन

**मेट्रो रेज**



**रांची:** दुर्गा पूजा 2026 की तैयारियों को लेकर दुर्गा पूजा समिति, भूताह तालाब की ओर से रविवार, 6 सितंबर 2026 को खूंटी पूजन सम्पन्न किया गया समिति के सदस्यों ने बताया कि दुर्गा पूजा की तैयारियों के शुभारंभ के अवसर पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ खूंटी पूजन किया जाएगा एवं साथ ही समिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, राजकुमार गुप्ता, उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक,डॉ अभिषेक रामाधिन, दीपू सिंह एवं शंकर दुबे ने पुरानी कमिटी को सुचारु रूप से समिति की ओर से अध्यक्ष उमंग सुल्तानिया, महामंत्री प्रिंस मेहता, कार्यकारिणी अध्यक्ष राहुल सिंह को बनाया गया और आगे कमिटी विस्तार अगला बैठक में किया जायेगा।

खुंटी पूजन में समिति के किशोर साहू,राजकुमार गुप्ता, उदय साहू,रमेश सिंह,रवि कुमार पिंकू,शंकर दुबे, गोपाल पारीक, संजय सिंह (लल्लू सिंह),दीपू सिंह,नन्द किशोर सिंह चंदेल,उमंग सुल्तानिया, प्रिंस मेहता,राहुल सिंह,शशि वर्मा,विक्की वर्मा, हीरु सिंह,नमन भारतीय,करण सिंह, मोहित रजक, रोहन सिंह, अर्जुन सिंह, आशीष रजक, आकाश रजक, प्रियांशु वर्मा मौजूत थे।

उक्त जानकारी महासमिति के प्रवक्ता नमन भारतीय ने दी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, राँची

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना 32 / 2026–27

1. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम,राँची।
2. परिमाण विपत्र, बिक्री की तिथि / स्थान :– दिनांक 11.09.26 को 2.00 बजे तक। विकास भवन, राँची।
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि / स्थान :– दिनांक 12.09.26 को 2.00 बजे अपराह्न तक जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि :– दिनांक 12.09.26 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. कार्य का विवरण।

| क्र0 स0 / ग्रुप स0 | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि / प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि | यंत्र संयंत्र का स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Estimate for Cover-Up Work of Hall No. 04 & Hall No. – 5 At First & Second Floor of New Hostel Building for Effective Utilization of Air Conditioning System at – SIRD, Hehal, Ranchi. | 2,54,344.00 | 5,500/- | 750/- | दो माह | कार्य के अनुरूप |
| 2 | Estimate for Replacement of Existing Syntex Water Storage Tanks and Connected Plumbing Pipeline System for Old Hostel & 100 Bedded New Hostel at – SIRD, Hehal, Ranchi. | 13,16,700.00 | 26,500/- | 2500/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |
| 3 | Furnishing of Computer Lab at 3rd Floor G+4 Building, South Campus, SIRD, Hehal, Ranchi. | 33,20,500.00 | 66,500/- | 5000/- | तीन माह | कार्य के अनुरूप |

नोट : 1. Tender Fee, अग्रधन की राशि 2 प्रतिशत, पैन, GST Certificate, Up To date GST Return Certificate तथा निबंधन प्रमाण पत्र को स्वअभि प्रमाणित छाया प्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र (BOQ) निर्गत किया जायेगा।
2. निविदा डालते समय पथ निर्माण विभाग झारखण्ड राँची के संचिका सं0 प0नि0वि0 / विविध 06–33 / 2007 (अंश – 1) 2146 (5) दिनांक 09.09.2020 के अनुसार Performance Security उपलब्ध करायें।
3. ग्रामीण विकास विभाग / भवन विभाग का निबंधन प्रमाण पत्र का समुचित श्रेणी वाले संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

कार्यपालक अभियंता
एन0आर0ई0पी0 – 1, राँची

PR 389135 (NREP) 26-27 (D)


# मोराबादी चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट 13 से

## तीन दशकों से आयोजित मोराबादी चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के शानदार और योजनाबद्ध आयोजन में होगी रोमांचक खिताबी जंग



**रांची:** पिछले 31 साल से राजधानी रांची के मोरहाबादी में लगातार आयोजित की जा रही मोराबादी चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन इस वर्ष 13 से 20 सितम्बर 2026 तक मोराबादी क्रीड़ा केन्द्र द्वारा किया जायेगा। राजधानी और आसपास के सभी फुटबाल प्रेमियों, खिलाड़ियों और फुटबॉल क्लबों के लिये बहू प्रतीक्षित इस टूर्नामेंट में इस बार भी प्रमुख फुटबाल क्लबों ने भाग लेना सुनिश्चित किया है।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए अधिवक्ता, भाजपा नेता और मोराबादी चैलेंजर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट के संयोजक डॉ। प्रणव कुमार बब्बू ने बताया कि न केवल रांची बल्कि राजधानी के आसपास के जिलों में भी इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की ख्याति बहुत अधिक है और फुटबॉल प्रेमियों के साथ ही फुटबॉल खिलाड़ी और क्लब भी साल भर इसकी प्रतीक्षा करते हैं।

डॉ। बब्बू ने बताया कि सामाजिक-वैचारिक संगठन रांची रिवोल्ट जन मंच और लक्ष्य डिफेंस अकादमी के सभी सदस्य भी इस आयोजन में अपना सक्रिय योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि झारखण्ड के खेल और खिलाड़ियों के लिये फुटबॉल, संजीवनी के समान है और वह सभी को उत्प्रेरित करने के साथ-साथ मनोरंजन का भी सशक्त माध्यम है। इस वर्ष विजेता टीम को 71 हजार रुपये प्रदान किये जायेंगे जबकि उपविजेता टीम को 51 हजार रुपये मिलेंगे। इसके साथ ही मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर जैसी अनेक श्रेणियों में भी पुरस्कार दिये जायेंगे।



# मनी प्लांट का यह नाम कैसे पड़ा? इसके पीछे छिपी ये अनोखी कहानी

घर की खूबसूरती बढ़ाने के साथ-साथ मनी प्लांट को सुख-समृद्धि का प्रतीक भी माना जाता है। इसकी पत्तियों का आकार और इससे जुड़ी कहानियां इसे एक विशेष पौधा बनाती हैं। आइए जानते हैं, आखिर इसे 'मनी प्लांट' क्यों कहा जाता है और क्या है इसके पीछे की कहानी।

## मनी प्लांट का नामकरण और ताइवान के किसान की कहानी

मनी प्लांट का नामकरण एक प्रेरक घटना पर आधारित है। कहानी कहती है कि ताइवान में रहने वाले एक गरीब किसान को एक अलग सा पौधा मिला। उसने इसे अपने घर के बाहर लगाया। पौधा बिना किसी देखभाल के तेजी से बढ़ता रहा। किसान ने इसे अपनी प्रेरणा माना और मेहनत से एक सफल व्यवसायी बन गया। लोगों को लगा कि किसान की सफलता इस पौधे की वजह से है, और इस तरह इसे मनी प्लांट कहा जाने लगा।

## मनी प्लांट की खासियत

**सिक्के जैसे पत्ते:** मनी प्लांट की पत्तियां गोल और चिकनी होती हैं, जो सिक्कों की तरह दिखती हैं। इस कारण इसे मनी प्लांट कहा जाता है।

**समृद्धि का प्रतीक:** ऐसा माना जाता है कि यह पौधा जितना बढ़ता है, घर के सदस्यों की तरक्की भी उतनी ही होती है।

**फेंगशुई में महत्व:** फेंगशुई के अनुसार, मनी प्लांट घर की ऊर्जा को सकारात्मक बनाता है और हवा को शुद्ध करता है।

## क्यों मनी प्लांट को दोस्ती का पौधा भी कहते हैं?

मनी प्लांट को 'दोस्ती का पौधा' भी कहा जाता है क्योंकि इसे एक तने या पत्ती से आसानी से उगाया जा सकता है। यह पौधा बिना ज्यादा देखभाल के पनपता है और इसे उपहार में देना शुभ माना जाता है।


## मनी प्लांट के फायदे

**हवा शुद्ध करता है:** यह पौधा ऑक्सीजन छोड़ता है और रेडिएशन के प्रभाव को कम करता है।

**धन-समृद्धि:** इसे घर में लगाने से धन की कमी नहीं होती, ऐसा विश्वास किया जाता है।

**सजावट का हिस्सा:** इसकी हरियाली और आकर्षक पत्तियां घर की सुंदरता बढ़ाती हैं।

मनी प्लांट न केवल घर की शोभा बढ़ाता है, बल्कि इसे सुख-समृद्धि और दोस्ती का प्रतीक भी माना जाता है। ताइवान की कहानी से लेकर इसकी पत्तियों की खूबसूरती तक, यह पौधा हर घर के लिए खास बन जाता है।




# समुद्र के रहस्य, जानकर दंग रह जाएंगे



ब्रह्मांड में धरती धूल का कण भी नहीं। मान लो अगर धरती धूल के कण के बराबर है तो सूर्य संतरे के बराबर होगा। आज भी इस धरती पर 70 प्रतिशत से अधिक जल है। धरती के वजन से 10 गुना ज्यादा इस धरती ने जल को वहन कर रखा है। मानव आबादी धरती के मात्र 20 से 25 प्रतिशत हिस्से पर रहती है उसमें भी अधिकतर पर जंगल, रेगिस्तान, पहाड़ और नदियां हैं। इस 20 से 25 प्रतिशत हिस्से पर ही रहस्यों के अंबार लगे हुए हैं। ऐसे में समुद्र के 70 से 75 प्रतिशत हिस्सों को तो अभी मानव संपूर्ण रूप से देख भी नहीं पाया है। प्राचीनकाल से लोग सागर की यात्रा करने और इसके रहस्यों को जानने की कोशिश में लगे हुए हैं।

## मात्र खारा पानी नहीं

पृथ्वी की सतह के 70 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र में फैले समुद्र मूलतः खारे पानी का एक सतत निकाय हैं अर्थात इसका पानी पीने लायक जरा भी नहीं होता। कुछ देर इसमें नहाने के बाद आपका बदन चिपचिपा हो जाएगा। मनुष्य ज्यादा समय तक समुद्र के पानी में नहीं रह सकता। हालांकि इसके लिए उसने समुद्री सूट विकसित कर लिए हैं। फिर भी कहना होगा कि कुछ सागर का पानी मात्र खारा ही नहीं है कहीं-कहीं वह मीठा है, लेकिन पीने लायक नहीं। समुद्र को 'सागर' भी कहते हैं। सागरों से बड़े महासागर होते हैं और 3 ओर से घिरे समुद्र को खाड़ी कहते हैं। हालांकि सभी महासागर एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं।

## महासागर

पृथ्वी का वह भाग, जो विशाल जलराशि (लवणीय जल) से घिरा हुआ है, महासागर कहलाता है। पृथ्वी का 70 प्रतिशत भाग महासागरों से घिरा है। प्रशांत महासागर, अटलांटिक महासागर, हिन्द महासागर, आर्कटिक महासागर तथा दक्षिणी महासागर कुल 5 महासागर हैं। प्रशांत महासागर तथा अटलांटिक महासागर का विस्तार उत्तरी गोलार्द्ध तथा दक्षिणी गोलार्द्ध दोनों जगह है इसलिए भूमध्य रेखा के उत्तर में स्थित उत्तरी प्रशांत महासागर तथा दक्षिण में स्थित दक्षिणी प्रशांत महासागर स्थित हैं। इस प्रकार कुल मिलाकर 7 महासागर या 7 समंदर हैं। उल्लेखनीय है कि अंटार्कटिका में बर्फीली जमीन के अंदर 400 से ज्यादा झीलें हैं।

## सागर

लवणीय जल का वह बड़ा क्षेत्र, जो महासागर से जुड़ा हुआ हो, 'सागर' कहलाता है। कैस्पियन सागर सागर, मृत सागर, लाल सागर, उत्तर सागर, लापतेव सागर, भूमध्य सागर आदि अनेक।

## गल्फ

जल का वह भाग, जो तीन तरफ स्थल भाग से घिरा हुआ हो, उसे 'गल्फ' कहते हैं। गल्फ व खाड़ी लगभग समानार्थी शब्द हैं। अरब की खाड़ी और बंगाल की खाड़ी का नाम ज्यादा प्रसिद्ध है।

हिन्दू शास्त्रों में समुद्र को 7 भागों में बांटा गया है- लवण का सागर, इक्षुरस का सागर, सुरा का सागर, घृत का सागर, दधि का सागर, क्षीर का सागर और मीठे जल का सागर। भारत के 3 ओर समुद्र है। आंध्रप्रदेश, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, गोवा, गुजरात, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पुडुचेरी, दमन और दीव तथा लक्षद्वीप समूह भारत के समुद्र तटवर्ती राज्य हैं।

## समुद्र का जन्म



वैज्ञानिकों का अनुमान है कि समुद्र का जन्म आज से लगभग पचास करोड़ से 100 करोड़ वर्षों के बीच हुआ होगा है। दरअसल, धरती के विशालकाय गड्ढ़े पानी से कैसे भर गए यह अनुमान लगाना मुश्किल है। दूसरी ओर इतने विशालकाय गड्ढे कैसे निर्मित हुए यह भी एक बड़ा सवाल है। वैज्ञानिक कहते हैं कि जब पृथ्वी का जन्म हुआ तो वह आग का एक गोला थी। जब पृथ्वी धीरे-धीरे ठंडी होने लगी वे उसके चारों तरफ गैस के बादल फैल गए। ठंडे होने पर ये बादल काफी भारी हो गए और उनसे लगातार मूसलाधार वर्षा होने लगी। लाखों साल तक ऐसा होता रहा। पानी से भरे धरती की सतह के ये विशाल गड्ढे ही बाद में समुद्र कहलाए। पृथ्वी की 70.92 प्रतिशत सतह समुद्र से ढंकी है। इसका आशय यह हुआ कि पृथ्वी के लगभग 36,17,40,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में समुद्र है। विश्व का सबसे विशाल महासागर प्रशांत महासागर है जिसका क्षेत्रफल लगभग 16,62,40,000 वर्ग किलोमीटर है। यह विश्व के सभी महासागरों का 45.8 प्रतिशत है। प्रशांत महासागर के भीतर जल जंतुओं की एक रहस्यमयी दुनिया है जिस पर अभी भी खोज जारी है। शांत महासागर विश्व का सबसे गहरा सागर है। इसकी औसत गहराई 3939 मीटर है। महासागर को छोड़कर यदि हम सागर की बात करें तो विश्व का सबसे विशाल सागर दक्षिण चीन सागर है जिसका क्षेत्रफल 2974600 वर्ग किलोमीटर है।

## समुद्री लहरों का रहस्य



समुद्र की लहरों को समुद्र विज्ञानी ही जानता है। समुद्र की लहरें 3 तरह से पैदा होती हैं। पहली समुद्र की सतह पर बहने वाली हवा, दूसरी चंद्रमा के कारण उत्पन्न हुआ ज्वार और तीसरी समुद्र के भीतर कहीं आया भूकंप। हवा या तूफान से उत्पन्न लहरें भूमि के पास उथले पानी में पहुंचने पर मंद पड़ने लगती हैं फिर भी कभी-कभी इनकी ऊंचाई 30 से 50 मीटर तक हो सकती हैं। अधिक ऊंची लहरें अस्थिर हो जाती हैं और अंततः सागर तट पर झाग के रूप में टूटती हैं। 'सुनामी' नामक लहरें समुद्र तल पर आए भूकंप या भूस्खलन की वजह से उत्पन्न होती हैं और सागर के बाहर बमुश्किल ही दिखाई देती हैं, लेकिन किनारे पर पहुंचने पर ये लहरें प्रचंड और विनाशकारी रूप धारण कर लेती हैं। चंद्रमा से उत्पन्न लहरें भी कभी-कभी विनाशकारी साबित होती हैं। चंद्रमा के कारण दैनिक रूप से 2 बार उत्पन्न होती हैं- सुबह और शाम। यह घटना चंद्रमा द्वारा पृथ्वी पर लगाए जाने वाला गुरुत्व बल के कारण घटित होती है। इसके बाद अमावस्या को समुद्र शांत रहता है जबकि पूर्णिमा को अशांत।




## अद्भुत समुद्री जीव-जंतु

समुद्री जीव 2 प्रकार के होते हैं- पौधे तथा प्राणी। समुद्री जीवन धरती की अपेक्षा कहीं ज्यादा विचित्र और रहस्यों से भरा है। यहां एक और जहां विशालकाय व्हेल है तो दूसरी और आंखों से न दिखाई देने वाली मछलियां या जीव भी अपना जीवन जी रहे हैं। आपको यह जानकर आश्चर्य होगा कि ब्लू व्हेल की जीभ का वजन ही हाथी के बराबर है। महासागर में मौजूद सबसे छोटा जीव प्लैंकटन है। समुद्र की गहराई के इस 1 प्रतिशत में रहने वाले जीवों और वनस्पतियों की किस्मों के बारे में वैज्ञानिक जानकर हैरान रह गए हैं। इन महासागरों के गर्भ में अद्भुत जीव-जंतु, दुर्लभ पौधे और हैरान कर देने वाले बैक्टीरियां मौजूद हैं। वैज्ञानिक कहते हैं कि समुद्र में जीव-जंतुओं की 2 लाख से अधिक प्रजातियां विचरण करती हैं। बैक्टीरिया की 35 हजार प्रजातियां, वायरस की 5 हजार और एक कोशिकीय पौधों की करीब डेढ़ लाख नई प्रजातियां खोजी गई हैं। शिकारी स्पर्म व्हेल और अंटाकर्टिक स्लीपर शार्क, अन्य भयानक शार्क, विशालकाय व्हेल, डरावनी शक्लों वाले ड्रैगन जैसी दिखने वाली मछलियां, चमकीली मछलियां, लैंप जैसी आंखों वाली मछलियां, करीब 1 मीटर चौड़ी जेली फिश, स्टार फिश, पारदर्शी मछली, रंग बदलने वाली मछलियां आदि हजारों मछली की प्रजातियां हैं। मछली को समुद्र का प्रमुख जीव माना जाता है। समुद्र मछलियों से भरा पड़ा है।

समुद्र में विशालकाय समुद्री सांप की लाखों प्रजातियां रहती है। जैसे, केप साटेनो के समुद्री सांप, एचएमएस डेडोलस के समुद्री सांप, हालिफैक्स का समुद्री सांप, प्रिंस के समुद्री सांप, मानेड के समुद्री सांप, ऐजेडे के समुद्री सांप, ग्लॉस्टर के समुद्री सांप, ओलाउस के समुद्री सांप आदि।

इसके अलावा भयानक सूंडों वाले तरह-तरह के ऑक्टोपस, 13 मीटर लंबा आर्किटयूथिस, विशालकाय अनाकोंडा और भयानक जहरीले सर्पों से भरा है समुद्र। इसके अलावा समुद्र में हजारों किस्म के बैक्टीरिया, कीड़े-मकोड़े, केकड़े और झींगों की संख्या करोड़ों में होगी, जो समुद्र की गहराइयों में पाए जाते हैं। 2 मीटर तक के कीड़े भी समुद्र के कुछ विशेष क्षेत्र में पाए जाते हैं। सागर में जीवित प्राणियों के सभी प्रमुख समूह जैसे कि जीवाणु, प्रोटिस्ट, शैवाल, कवक, पादप और जीव पाए जाते हैं।

इसके अलावा कमल जैसे दिखने वाले रेंगते फूल, ब्लड रेड समुद्र फेनी (स्विड), रेंगने और कई भुजाओं वाले पौधे, कोरल और लाखों तरह की वनस्पतियां पाई जाती हैं। अधिकांश समुद्री पौधे हरे, भूरे तथा लाल शैवाल हैं।





# दुनिया का चौथा सबसे छोटा देश तुवालु, यहां है सिर्फ एक बैंक, इंटरनेट डोमेन से होती है कमाई

दुनिया में एक से बढ़कर एक स्थान मौजूद हैं, जिन्हें अपनी खासियतों की वजह से पहचाना जाता है। कोई जगह किसी पर्यटक स्थल की वजह से पहचानी जाती है, तो किसी की प्राकृतिक सुंदरता उसे लोगों के बीच प्रसिद्ध बनाने का काम करती है। यह एक ऐसी जगह है जो दुनिया का चौथा सबसे छोटा देश है। छोटा होना तो इसकी खासियत है ही लेकिन उसके अलावा यहां पर कुछ ऐसी रोचक चीज भी हैं जो किसी को भी हैरान कर देगी। आपको आश्चर्य होगा लेकिन यहां पर सिर्फ एक ही बैंक है और लोग इंटरनेट डोमेन से कमाई करते हैं।

## यहां है सिर्फ एक बैंक

बैंक आम आदमी के जीवन से जुड़ी हुई एक ऐसी सुविधा है। जिसके बिना जीवन की कल्पना कर पाना मुश्किल है। भारत के अलग-अलग शहरों में नहीं बल्कि गांव में भी बैंकों की कई सारी शाखाएं आजकल मिल जाती है। तुवालु एक ऐसी जगह है जहां पर एक ही बैंक है। इसके अलावा इस देश में कोई एटीएम भी नहीं है क्योंकि यहां का बैंक सारे काम नगद में करता है।

## कहां है तुवालु

तुवालु एक द्वीपीय देश है जो दक्षिण प्रशांत महासागर में मौजूद है। यहां पर नेशनल बैंक ऑफ तुवालु मौजूद है जो यहां की 11 से 12000 की आबादी के लिए लेनदेन का मुख्य जरिया है। इसके अलावा यह देश इंटरनेट डोमेन से अपनी सारी कमाई करता है। यहां के डोमेन की दुनिया भर में मांग है।

## इंटरनेट डोमेन से होती है कमाई

तुवालु में जो इंटरनेट डोमेन मिलते हैं वह यहां का मुख्य कमाई का जरिया है। यहां की अर्थव्यवस्था डोमेन के साथ मछली पकड़ने और विदेशी सहायता से होने वाली आय पर निर्भर करती है। यहां का डोमेन t1 टेलीविजन से जुड़ा हुआ है। इनफ्लुएंसर, मीडिया और स्ट्रीमिंग कंपनियों के बीच ये बहुत फेमस है। जानकारी के मुताबिक इस डोमेन की बिक्री से यह देश साल भर में 10 मिलियन अमेरिकी डॉलर कमा लेता है।

## यहां चलता है ऑट्रेलियाई डॉलर

इस देश में जो बैंक है उसे 1980 में बार्कलेज बैंक की सहायक कंपनी के रूप में शुरू किया गया था। यहां पर ऑस्ट्रेलिया डॉलर मुख्य मुद्रा के रूप में उपयोग किया जाता है। इस देश का अपना सिक्का भी है।

दुनिया का चौथा सबसे छोटा देश तुवालु, यहां है सिर्फ एक बैंक, इंटरनेट डोमेन से होती है कमाईफ़ुनाफूती यहां की राजधानी है। यह एक ऐसा देश है जो जलवायु परिवर्तन से सबसे ज्यादा प्रभावित होता है। समुद्र तल से यहां की ऊंचाई केवल 2 मीटर है। बढ़ते हुए जलस्तर की वजह से उसका अस्तित्व संकट में है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची, (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# शिक्षक दिवस पर वित्त रहित संस्थानों में शैक्षणिक हड़ताल, काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

**संवाददाता**



साहिबगंज:शिक्षक दिवस के अवसर पर जहां देशभर में शिक्षक-शिक्षिकाओं के सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए,वहीं वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राज्यभर के करीब 1250 वित्त रहित शैक्षणिक संस्थानों में एक दिवसीय शैक्षणिक हड़ताल पर रहा।वही साहिबगंज संध्या इंटर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभुनाथ पाठक के नेतृत्व में शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी मांगो को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान कर्मचारियों ने सरकार से उनकी लंबित मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल करने की मांग की।प्राचार्य शंभुनाथ पाठक ने बताया कि वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा लंबे समय से शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराता रहा है।उन्होंने कहा कि मोर्चा की प्रमुख मांगों में 75 प्रतिशत अनुदान वृद्धि से संबंधित संलेख को अविलंब कैबिनेट की सहमति के लिए भेजना,वित्त रहित शिक्षक-कर्मचारियों को राज्य कर्मी का दर्जा देना तथा कार्मिक विभाग के उस पत्र पर कार्रवाई करना शामिल है।जिसमें शिक्षक-कर्मचारियों के लिए सरकारी कर्मचारियों के समान नियमावली बनाकर वेतनमान देने की बात कही गई है।मोर्चा ने वित्त रहित संस्थानों में अध्ययनरत छात्राओं को भी सावित्रीबाई फुले बालिका समृद्धि योजना का लाभ देने की मांग की है। इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल खोलने की मांग सरकार से की गई है,ताकि वित्त रहित संस्थानों में पढ़ने वाली छात्राएं भी योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।प्राचार्य ने बताया कि मोर्चा की ओर से झारखंड अधिविद्य परिषद जैक में रिक्त पदों को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।वित्त पदाधिकारी परीक्षा नियंत्रक एवं शैक्षणिक पदाधिकारी की नियुक्ति को लेकर मोर्चा ने निर्धारित अहर्ता पूरी नहीं करने वाले अधिकारियों को पद से हटाने की मांग की है। इसके साथ ही जैक में करीब 18 माह से रिक्त उपाध्यक्ष के पद तथा मई माह से रिक्त 13 सदस्य पदों को भी अविलंब भरने की मांग सरकार के समक्ष रखी गई है। मोर्चा ने बिहार सरकार से मान्यता प्राप्त एवं स्थापना अनुमति प्राप्त 158 अनुदानित विद्यालयों,जिनका वर्ष 2026-27 से अनुदान रोके जाने की बात कही जा रही है,उनका अनुदान जारी रखने की मांग की है। इसके अलावा इंटरमीडिएट कॉलेज,उच्च विद्यालय संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारियों के लिए सेवा शर्त नियमावली लागू करने की मांग भी की गई है। प्राचार्य शंभुनाथ पाठक ने कहा कि शिक्षक दिवस के दिन शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार वित्त रहित संस्थानों के शिक्षक कर्मचारियों की समस्याओं और लंबित मांगों पर जल्द सकारात्मक पहल करेगी।इस अवसर पर राजीव झा,प्राण नाथ तिवारी,सत्येंद्र कुमार वर्मा,अरूप चटर्जी,विनोदानंद झा,वीरेंद्र दुबे,शंभू पांडे,सत्यनिधि झा अनुपमा झा राधे यादव विनोद हरि अर्जुन महतो बासु पहाड़िया सहित अन्य शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मचारी मौजूद थे।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच पहुंचा जिला प्रशासन

### खाद्य सामग्री वितरित कर हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**संवाददाता**



साहिबगंज:बाढ़ की विषम परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों तक प्रशासनिक सहायता एवं राहत सामग्री की त्वरित पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अमर जॉन आईन्द एवं अंचलाधिकारी साहिबगंज बासुकीनाथ टुडू ने सदर प्रखंड के विभिन्न बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।इस दौरान पदाधिकारियों ने रामपुर, बलुआ टोली, दुर्गास्थान, टोपरा सहित अन्य बाढ़ प्रभावित गांवों का दौरा कर प्रभावित परिवारों की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण करते हुए उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली, साथ ही पशुओं के लिए चारा का भी वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उन्हें भरोसा दिलाया कि विपदा की इस घड़ी में जिला प्रशासन उनके साथ पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ खड़ा है। प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने तथा राहत कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संचालित करने का आश्वासन दिया गया।अनुमंडल पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की सतत निगरानी आवश्यक सामग्री की उपलब्धता तथा आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

नौ दिवसीय श्रीराम कथा का पांचवा दिन

## युवा प्रभु श्री राम की कथा से प्रेरणा लेकर माता- पिता की आज्ञा का पालन करे:ऋचा

**एजेंसी**



साहिबगंजः युवा प्रभु श्री राम की कथा से प्रेरणा लेकर माता- पिता की आज्ञा का पालन करे उक्त बाते कथा वाचिका ऋचा ने कही। शहर के नॉर्थ कॉलोनी रेलवे जनरल इंस्टीट्यूट समीप मां तारा मंदिर प्रांगण में नौ दिवसीय श्रीराम कथा के पांचवे दिन की शाम वृंदावन से आई कथा वाचिका ऋचा जी ने विधिवत रूप से पूजन करके कथा की। जिसमे मां जानकी के सुंदरता का वर्णन, पुष्प वाटिका में मां जानकी ओर राम जानकी मिलन का वर्णन किया गया। श्री विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण के साथ सीता जी के जयमाला में प्रवेश ओर धनुष तोड़कर विवाह जयमाला का विस्तार से बताया गया। धनुष यज्ञ, सीता स्वयंवर और राम विवाह या कथा व्यास की परंपरा के अनुसार प्रभु श्रीराम के वनवास जैसे प्रमुख प्रसंगों का वर्णन किया गया। जनकपुर में शिवधनुष भंग, परशुराम संवाद और मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं माता सीता के विवाह के आनंदोत्सव का वर्णन कथा वाचिका ने किया। वही राजा दशरथ द्वारा श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास देने और बिना किसी संकोच के श्रीराम के माता-पिता की आज्ञा मानकर वन की ओर प्रस्थान करने का मार्मिक प्रसंग सुनाया गया। कथा व्यास यह संदेश दिया कि आज के युवाओं को भी प्रभु श्री राम की कथा से प्रेरणा लेते हुए माता पिता की आज्ञा का पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। मौके पर दिगम्बरा नन्द जी महाराज, लाल बाबा, सचिव सह व्यवस्थापक कमल किशोर साह, उपाध्यक्ष शिव कुमार यादव, कोषाध्यक्ष मुन्ना गोस्वामी राजीव केशरी व राकेश यादव, आचार्य लक्ष्मण पांडे, धीरज सिंह, अनिल सिंह, चन्दन यादव, सुनील यादव, बंसी यादव, प्रवीण राय, चुनना गौर, सोनू कुमार यादव, कुंदन सिंह, गोविंद मिश्रा, काजल सहित समिति सदस्य व सैकड़ो महिला- पुरुष श्रद्धालु उपस्थित थे।

## बेहतर कार्य और उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया जाता रहा है : एसपी

### पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने किया नवनिर्मित वॉल ऑफ फ्रेम का उद्घाटन

**संवाददाता**



साहिबगंजः शिक्षक दिवस के अवसर पर शनिवार को पुलिस लाइन स्थित एसपी कार्यालय के सामने नवनिर्मित वॉल ऑफ फ्रेम का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने किया। इस वॉल ऑफ फ्रेम में पुलिस विभाग और पुलिस पदाधिकारियों को विभिन्न उत्कृष्ट कार्यों बेहतर सेवा और उपलब्धियों के लिए मिले पुरस्कार एवं सम्मान से संबंधित स्मृतिचिह्नों को प्रदर्शित किया गया है।वॉल ऑफ फ्रेम में विभाग को प्राप्त विभिन्न पुरस्कार, मोमेंटो, ढाल, मेडल सहित अन्य सम्मान से जुड़ी स्मृतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। इसका उद्देश्य पुलिस विभाग की उपलब्धियों को एक स्थान पर संरक्षित करने के साथ आम लोगों तक उसकी जानकारी पहुंचाना है। पुलिस लाइन अथवा एसपी कार्यालय आने वाले लोगों को अब इस वॉल ऑफ फ्रेम के माध्यम से विभाग की उपलब्धियों और पुलिस पदाधिकारियों के उत्कृष्ट कार्यों की झलक देखने को मिलेगी।पुलिस अधिक्षक ने बताया कि विभिन्न स्तरों पर बेहतर कार्य और उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिसकर्मियों को समय-समय पर सम्मानित किया जाता रहा है। इन उपलब्धियों से जुड़ी स्मृतियों को सुरक्षित रखने के लिए वॉल ऑफ फ्रेम तैयार कराया गया है। इससे पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ नई पीढ़ी के पुलिस पदाधिकारियों और जवानों को भी बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। कहा कि वॉल ऑफ फ्रेम केवल पुरस्कार और सम्मान प्रदर्शित करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पुलिस विभाग की कार्यशैली, उपलब्धियों और उत्कृष्ट सेवा की कहानी भी बयां करेगा। इससे आम लोगों में पुलिस विभाग के प्रति सकारात्मक संदेश जाएगा। उन्होंने कहा कि एसपी कार्यालय परिसर में यह आकर्षण का केंद्र भी बनेगा और लोग पुलिस विभाग को मिले विभिन्न सम्मानों से रूबरू हो सकेंगे।

एसपी कार्यालय में डिजिटल पुस्तकालय और वॉल ऑफ फेम का शुभारंभ

## छात्राओं के प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी

**संवाददाता**



साहिबगंजः शिक्षक दिवस के अवसर पर साहिबगंज पुलिस लाइन स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अगुवाई में डिजिटल पुस्तकालय एवं ह्यद वॉल ऑफ फेमह्न का शुभारंभ किया गया।इस पहल का उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों और जवानों में अध्ययन,ज्ञानवर्धन और उत्कृष्ट कार्य के प्रति उत्साह बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2020 में बरहेट थाना क्षेत्र में अपराधियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए एएसआई चन्द्राय सोरेन को श्रद्धापूर्वक याद किया गया।उनकी वीरता और कर्तव्यनिष्ठा को पुलिस परिवार ने सम्मान के साथ स्मरण किया। वहीं,पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों द्वारा विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हासिल किए गए मेडल और ट्रॉफियों को वॉल ऑफ फेम में प्रदर्शित किया गया। इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों को उनके बेहतर कार्य के लिए सम्मानित करने के साथ-साथ अन्य जवानों को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर साइबर अपराध के प्रति आम लोगों को जागरूक करने के लिए साइबर जागरूकता अभियान भी चलाया गया।पुलिस की ओर से लोगों को साइबर ठगी से बचाव संदिग्ध लिंक व कॉल से सावधान रहने जबकि किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल शिकायत दर्ज कराने के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गीत गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली सीएम एक्सीलेंस विद्यालय,पोखरिया की छात्राओं को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## जान बूझकर फर्जी दस्तावेज देने वालों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी: के रवि कुमार

### –भौतिक निरीक्षण करने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी पहुंचे बरहरवा उधवा प्रखंड

**संवाददाता**



साहिबगंज:मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार संथाल परगना क्षेत्र के साहेबगंज जिले से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित विभिन्न माध्यमों से प्राप्त हो रही शिकायतों की भौतिक जांच के लिए साहेबगंज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मतदाता सूची में नाम शामिल कराने से जुड़े मामलों की स्थल जांच की तथा संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी से पूरे प्रकरण की जानकारी ली।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बरहरवा में चिह्नित संदिग्ध व्यक्तियों के घरों पर जाकर स्वयं स्थल जांच की। उन्होंने संबंधित व्यक्तियों, उनके निवास तथा मतदाता सूची में पंजीकरण से संबंधित उपलब्ध अभिलेखों एवं प्रस्तुत दस्तावेजों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक संदिग्ध मामले की गहनता से जांच की जाए तथा तथ्यों व उपलब्ध दस्तावेजों का नियमानुसार सत्यापन सुनिश्चित किया जाए।बरहरवा प्रखंड में फर्जी दस्तावेजों के संबंध में उपलब्ध कराई गई सूची में आहुत ग्राम के कुल 4 व्यक्तियों को चिह्नित किया गया है। इनके द्वारा फर्जी आवासीय प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। इन अपात्र व्यक्तियों को कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उपलब्ध कराए गए थे।जांच के क्रम में बरहरवा प्रखंड में फर्जी दस्तावेज जमा कर अवैध रूप से मतदाता सूची में शामिल होने का प्रयास करने वाले 4 अपात्र व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। साथ ही, कॉमन सर्विस सेंटर के संचालक द्वारा फर्जी दस्तावेज तैयार कर उपलब्ध कराने के मामले में भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि फर्जी दस्तावेज के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बरहरवा प्रखंड के बेलपहाड़ी तथा उधवा प्रखंड के पश्चिमी प्राणपुर का भी निरीक्षण किया गया।श्री के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता एवं विश्वसनीयता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता है। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे और किसी भी अपात्र अथवा विदेशी व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं मतदाता सूची की शुचिता बनाए रखने के लिए प्राप्त प्रत्येक गंभीर शिकायत की तथ्यपरक एवं निष्पक्ष जांच की जाएगी।

उन्होंने जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि फर्जी दस्तावेजों से जुड़े मामलों में संबंधित अभिलेखों का सूक्ष्म सत्यापन करें। यदि जांच में किसी व्यक्ति द्वारा जानबूझकर गलत अथवा फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत करने की पुष्टि होती है तो उसके विरुद्ध प्रचलित विधिक प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाए।मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त श्री दीपक कुमार दूबे एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज IN ब्रीफ

### साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय




साहिबगंजः डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ साइबर अपराध का खतरा भी तेजी से बढ़ रहा है। साइबर अपराधी इंटरनेट मोबाइल फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाने के लिए लगातार नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसे देखते हुए जिले के पुलिस अधिक्षक साहिबगंज ने साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है।एसपी अमित कुमार सिंह ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापक साइबर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके तहत थाना प्रभारी स्कूल, कॉलेज, कोचिंग संस्थान समेत अन्य शैक्षणिक संस्थानों में पहुंचकर छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को साइबर अपराध से बचाव के उपाय बताएंगे। पुलिस पदाधिकारियों का कहना है कि युवाओं को जागरूक करने से वे खुद साइबर ठगी से बचने के साथ-साथ अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी सतर्क कर सकेंगे। एसपी ने कहा कि साइबर अपराधी कभी बैंक अधिकारी पुलिस पदाधिकारी रिश्तेदार तो कभी अन्य सरकारी विभाग का अधिकारी बनकर लोगों को फोन करते हैं। इसके अलावा लिंक भेजकर ओटीपी मांगकर, केवाईसी अपडेट के नाम पर अथवा विभिन्न तरह के ऑनलाइन ऑफर का लालच देकर ठगी की जाती है। ऐसे मामलों में किसी अनजान व्यक्ति के साथ ओटीपी एटीएम पिन, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा नहीं करनी चाहिए।उन्होंने बताया कि जिले में डिजिटल अरेस्ट के दो मामले सामने आए हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि कानून में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई प्रावधान नहीं है। साइबर अपराधी पुलिस या किसी जांच एजेंसी के नाम पर वीडियो कॉल कर डराने और पैसे ऐंठने का प्रयास करते हैं। ऐसे किसी भी दबाव में आने के बजाय तत्काल पुलिस को सूचना दें या फिर डायल 112 पर सूचना दे सकते हैं। एसपी ने साइबर ठगी होने पर साहिबगंज पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाइन नंबर 06436-326026 पर तत्काल संपर्क कर घटना की जानकारी देने की अपील की गई है।

### पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल :अमित

साहिबगंज : जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में शनिवार को पुलिस सभा का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित सभा में जिले के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी, पुलिस पदाधिकारी, जवानों के संगठन के पदाधिकारी और पुलिसकर्मी शामिल हुए।सभा के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद करते हुए उनकी समस्याओं और परेशानियों की जानकारी ली। जवानों एवं अधिकारियों ने बारी-बारी से अपनी समस्याएं एसपी के समक्ष रखीं। कई मामलों में एसपी ने संबंधित पदाधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश देते हुए मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया।एसपी अमित कुमार सिंह ने कहा कि पुलिसकर्मियों की समस्याओं का समाधान करना विभाग की प्राथमिकताओं में शामिल है। जवानों को ड्यूटी के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और जवानों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा विभागीय अनुशासन बनाए रखने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि पुलिस की जिम्मेदारी आम लोगों की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखना है। इसलिए सभी पुलिसकर्मी पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और इसे किसी भी परिस्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने पुलिसकर्मियों को अपने कार्य के प्रति सजग रहने, आम लोगों के साथ बेहतर व्यवहार करने और शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय स्तर पर समस्याओं के समाधान के साथ-साथ पुलिसकर्मियों से बेहतर कार्यशैली और अनुशासन की अपेक्षा है।मौके पर मुख्यालय डीएसपी रविकांत साहू, राजमहल एसडीपीओ विमलेश त्रिपाठी सहित जिले के अन्य पुलिस पदाधिकारी, थाना प्रभारी एवं जवान मौजूद थे।

### बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस पर भव्य कार्यक्रम



**डोमचांचः** बैजनाथ प्रसाद स्नेही कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षक दिवस के अवसर भव्य कार्यक्रम का आयोजन आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक डॉ. विनोद कुमार अवस्थी के तत्वाधान में महाविद्यालय में कार्यक्रम का शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया गया। मौके पर महाविद्यालय सचिव हिमांशु कुमार ने कहा कि मैंने एक सपना देखा था कि डोमचांच के घर. घर में शिक्षा की नई ज्योत जलानी है और आज विगत 10 वर्षो से मैं डोमचांच में शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के टेक्निकल कोर्स को लोगों के सामने ले आया हूं, और लोग अपनी सपनों को नई उड़ान दे रहे है। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने प्रशिक्षणार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी जीवन में धैर्य जरूर रखियेगा ताकि जीवन में कभी कहीं कोई परेशानी न हो, क्यूंकि धैर्य से हर मनुष्य को जीवन में सफलता मिलता है। कार्यक्रम में समाज की उन्नति के लिए योगदान दे रहे समाजिक संगठनों को सम्मानित किया गया जिसमें 1. युवा शक्ति. एक नई सोच की पूरी टीम को लगातार 10 साल सफल तिरंगा यात्रा के आयोजन एवं समाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। 2. आदरणीय धर्मेंद्र यादव, मुखिया प्रतिनिधि को पेड़ लगाने के लिए सम्मानित किया गया। 3. ग्रीन इंडिया क्लीन इंडिया की टीम को छठ तालाब की सफाई के लिए आर्थिक सहयोग कर सम्मानित किया गया। 4. अशोक कुमार सिंह, मुंबई निवासी कैंसर पीड़ित लोगों को सहयोग करने के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही सभी शिक्षक, शिक्षकेत्तर, अतिथिगण समस्त विधार्थियों को एक पेड़ माँ के नाम के तहत सभी को औषधिय, फलदार पौधे का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकत्तर कर्मचारी, बीएड, डी एलएड, बीसीए डी. फार्मा एवं ग्रेजुएशन के सभी विधार्थी, प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे। साथ ही बीएड सत्र 2024. 26 के प्रशिक्षणार्थियों का विदाई समारोह का आयोजन भी किया गया जिसमें कि प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम स्थान में आए प्रशिक्षणार्थियों के साथ-साथ बी. एड. सत्र 2024- 26 के सभी प्रशिक्षणार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

मुसाफिर कैफे फेम

# वेदिका पिंटो को प्रोसीत रॉय की अगली फिल्म में मिली एंट्री

### लक्ष्य के साथ बनेगी नई जोड़ी; साइकोलॉजिकल ड्रामा में दिखेगा रोमांस का नया ट्विस्ट!

मुंबई 'मुसाफिर कैफे' में अपनी एक्टिंग से ध्यान खींचने वाली वेदिका पिंटो अब लक्ष्य के साथ स्क्रीन पर एकदम फ्रेश जोड़ी के रूप में नज़र आने वाली हैं। एक्ट्रेस इस नई कहानी में अपने किरदार के जरिए एक नया और एक्साइटिंग रंग भरने के लिए तैयार हैं।



'राख' से अपनी खास पहचान बनाने के बाद फिल्ममेकर प्रोसीत रॉय अब अपनी अगली डायरेक्टोरियल फिल्म लेकर आ रहे हैं। इस अनटाइटल्ड फिल्म में लक्ष्य के साथ वेदिका पिंटो लीड रोल में दिखाई देंगी। कहा जा रहा है कि यह कोई टिपिकल रोमांस नहीं, बल्कि प्यार के साथ साइकोलॉजिकल ट्विस्ट का ऐसा कॉकटेल है, जो कहानी को काफी इंट्रिगिंग बनाने वाला है। 'किल', 'चांद मेरा दिल' और 'द बा**ड्स ऑफ बॉलीवुड' जैसे अलग-अलग प्रोजेक्ट्स में अपनी वर्सेटिलिटी दिखा चुके लक्ष्य अब इस फिल्म में एक और ज्यादा लेयर्ड और अनप्रेडिक्टेबल किरदार एक्सप्लोर करते नज़र आएंगे। यानी इस बार लक्ष्य का अंदाज़ होगा थोड़ा हटके और कहानी होगी उससे भी ज्यादा सरप्राइजिंग! अपने डिस्टिंक्टिव स्टोरीटेलिंग स्टाइल के लिए पहचाने जाने वाले प्रोसीत रॉय इस बार रोमांस को साइकोलॉजिकल ट्विस्ट के साथ पेश करने वाले हैं। लक्ष्य और वेदिका पिंटो की फ्रेश जोड़ी इस कहानी की कमान संभालेगी। फिल्म के टाइटल और बाकी डिटेल्स का अभी इंतजार है, लेकिन इतना तय है कि इस अनोखे रोमांस में ट्विस्ट का तड़का देखने के लिए एक्साइटमेंट अभी से बढ़ने लगी है!

## स्वरा भास्कर के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज

**स्वरा भास्कर एक बयान देकर बुरी तरह फंस गई हैं. करणी सेना ने एक्ट्रेस को धमकी दी थी. अब स्वरा के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत तक दर्ज कर दी गई है.**



बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर एक बार फिर विवादों में घिर गई हैं. बीते दिन उन्होंने एक कार्यक्रम में दीपिका पादुकोण की फिल्म 'पद्मावत' के जौहर सीन पर आपत्ति जताई थी. इससे पहले भी वो सीन को लेकर अपनी राय रख चुकी हैं. लेकिन इस बार उनका बयान काफी वायरल हो गया है और जिसकी वजह से उन्हें काफी ट्रोल भी किया जा रहा है. अब एक्ट्रेस के खिलाफ थाने में लिखित शिकायत भी दर्ज हो गई है. जी हां, स्वरा पर महिलाओं को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा है, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि स्वरा के एक बयान से महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है और उनके बयान को लेकर कार्रवाई की जानी चाहिए. इस शिकायत के सामने आने के बाद सोशल मीडिया से लेकर फिल्म इंडस्ट्री तक इस मामले को लेकर चर्चा तेज हो गई है.

### स्वरा के खिलाफ शिकायत दर्ज

बिहार भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य कृष्ण सिंह कल्लू ने स्वरा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है. कोतवाली थाने में दर्ज कराई लिखित शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एक्ट्रेस ने क्षत्राणी महिलाओं के ऊपर आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया है, जिससे उन्हें (कृष्ण सिंह कल्लू ) को काफी आहत हुए हैं. फिलहाल शिकायत दर्ज होने के बाद आगे की प्रक्रिया का इंतजार किया जा रहा है. वहीं, स्वरा का रिएक्शन भी सामने नहीं आया है.



## गोविंदा-शिल्पा शेट्टी ने 23 साल काटे कोर्ट के चक्कर

90 के दशक में गोविंदा के गानों, डांस और फिल्मों की धूम थी. मगर शिल्पा शेट्टी के साथ उनका एक गाना सुपरहिट होने के बाद विवादों से घिर गया था. वे 23 साल तक कोर्ट केस में फंसे रहे. गाने में कोई भी शब्द अश्लील नहीं था, मगर उसका जो भाव था, उसने कई लोगों की भावाओं को ठेस पहुंचाया था. क्या आपने अगर आप गोविंदा की फिल्मों और गानों के फैन हैं, तो मुमकिन नहीं कि आपने उनका एक सुपरहिट मगर विवादित गाना न सुना हो. गाने में गोविंदा, शिल्पा शेट्टी के साथ नोकझोंक के साथ इश्क फरमाते नजर आए थे. गाने से कई लोगों को आपत्ति थी, जिसकी वजह से गोविंदा-शिल्पा शेट्टी 23 सालों तक कानूनी विवाद से घिरे रहे. गाने का एक भी शब्द अश्लीलता के दायरे में नहीं आता, मगर उसका अर्थ कई लोगों को ठेस पहुंचा गया था. हम फिल्म 'छोटे सरकार' के गाने 'एक चुम्मा तू मुझको उधार दे दे' की बात कर रहे हैं. गोविंदा-शिल्पा शेट्टी का गाना जब 1996 में रिलीज हुआ था, तब झारखंड के पाकुड़ में गाने के बोलों पर आपत्ति जताते हुए एक केस दर्ज हुआ था. गाने को उदित नारायण और अलका याग्निक ने गाया था और इसका संगीत आनंद-मिलिंद ने तैयार किया था. गाने के बोल रानी मलिक ने लिखे थे. उस दौर में गाना शादी-पार्टियों की जान बना हुआ था. लोग इस पर खूब डांस करना पसंद करते थे. मगर गाने की पॉपुलैरिटी ने ही गोविंदा-शिल्पा को मुसीबत में डाल दिया था.

शिल्पा-गोविंदा के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

दरअसल, गाने में चुम्मे के बदले यूपी-बिहार का सौदा किया गया था, जो कुछ लोगों को आहत कर गया.



## बस 11वीं तक पढ़ी हैं करीना

करीना कपूर को 11वीं क्लास में पढ़ाई छोड़ने का पछतावा है. वह चाहती हैं कि उनके बच्चे तैमूर और जेह अपनी पढ़ाई पूरी करें. करीना कपूर जब 19 साल की थीं तब जेपी दत्ता की फिल्म रेफ्यूजी से डेब्यू किया था. बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर जल्द ही मेघना गुलजार की फिल्म दायरा में नजर आएंगी. इस बीच उन्होंने अपनी पढ़ाई लिखाई को लेकर बातचीत की. करीना कपूर ने कहा कि उन्हें आज भी बहुत पछतावा होता है कि उन्होंने 11वीं क्लास में पढ़ाई छोड़ दी थी. मगर अब वह चाहती हैं कि उनके दोनों बच्चे पढ़ाई पूरी करें. 'हनुमान दास' के साथ बातचीत में करीना कपूर ने इस बारे में बातचीत की. उन्होंने बताया कि उन्होंने 11वीं में पढ़ाई छोड़ दी थी. क्योंकि उन्हें फिल्में ऑफर होने लगी थी और फिर उन्होंने करियर के चलते पढ़ाई छोड़ दी थी. इसके बाद उन्हें कभी मौका नहीं मिला कि वह अपनी पढ़ाई पूरी कर सकें.

करीना कपूर ने कहा, 'मैंने कभी भी अपनी पढ़ाई पूरी नहीं की. ये चीज मुझे हमेशा खलती है.इसके बावजूद मेरे पास अवसर थे. मैंने फिल्में कीं. पर 11वीं के बाद मैंने आगे पढ़ाई नहीं की.'



## प्रेग्नेंसी में पति ने दिया धोखा

### एक्ट्रेस पर भी लगा बेवफाई का आरोप

मशहूर एक्ट्रेस ने अपने पति पर आरोप लगाया कि उसने प्रेग्नेंसी के दौरान उनके साथ बेवफाई की थी. एक्ट्रेस ने दावा किया कि उन्हें पति के बैग में कंडोम के पैकेट मिले थे, जिससे उनकी पोल खुली. एक्ट्रेस के आरोपों पर उनके पति ने भी पलटवार किया. उन्होंने हीरोइन पर को-स्टार संग अफेयर का आरोप लगाया. अगर आपने 'मेरे अंगने में', 'देवों के देव...महादेव', 'जीजी मां', 'बाल वीर' और 'लाडो 2' जैसे टीवी शो देखे हैं, तो आप जानते हैं कि हम किस हीरोइन की बात कर रहे हैं. उन्होंने पूर्व मिस यूनिवर्स सुष्मिता सेन के भाई राजीव सेन से शादी की थी. हम चारू असोपा की बात कर रहे हैं. उन्होंने 2021 में बेटी जियाना को जन्म दिया था, मगर पति संग रिश्ते में खटास आने के बाद शादी में दिक्कतें शुरू हो गईं. चारू असोपा ने बताया कि जब राजीव बिना बताए दिल्ली चले गए, तो उन्हें उनके बैग में कथित अफेयर के सबूत मिले. उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे उनके बैग में कंडोम मिले.' चारू असोपा ने आरोप लगाया कि प्रेग्नेंसी के दौरान राजीव सेन ने उन्हें धोखा दिया था. उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी का ज्यादातर समय मुंबई में बिताया, जबकि राजीव घंटों घर से बाहर रहते थे और देर से लौटते थे. उन्होंने पिंकविला को दिए एक इंटरव्यू में बताया कि राजीव कभी-कभी कहते थे कि वे अपनी कार में सोए थे और लंबे समय तक बाहर रहने के लिए दूसरे बहाने बनाते थे. चारू असोपा ने कहा कि राजीव अक्सर बाहर रहने के लिए अलग-अलग वजहें बताते थे. उन्होंने एक बार कहा कि वे बांद्रा के कैफे में तब तक बैठे रहते थे, जब तक ट्रैफिक कम न हो जाए. उन्होंने दूसरी बार कहा कि वे कैफे में समय बिताते थे.

## समुक में हीरोइन बनेगी ये बंगाली एक्ट्रेस?

### बॉलीवुड डेब्यू में अक्षय कुमार के साथ बनेगी जोड़ी



अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'समुक' की शूटिंग में बिजी हैं. अब पता चला है कि फिल्म में लीड हीरोइन के रोल के लिए मेकर्स ने बंगाली एक्ट्रेस रुक्मिणी मैत्र को लेने का मन बनाया है. अक्षय कुमार के बारे में सभी को पता है कि वो हर साल कई फिल्में लेकर आते हैं. इस साल भी वो दो फिल्मों (भूत बंगला और वेलकम टू द जंगल) में नजर आ चुके हैं और तीसरी फिल्म 'हैवान' रिलीज को तैयार है. इसके अलावा हाल ही में उन्होंने अपनी नई फिल्म 'समुक' का ऐलान किया था. ये एक साई-फाई एलियन थ्रिलर फिल्म होगी. फिल्म में अक्षय लीड रोल में हैं. वहीं अब मेकर्स को फिल्म की हीरोइन भी मिल गई है. 'समुक' के लिए मेकर्स ने रुक्मिणी मैत्र को अप्रोच किया है. एक रिपोर्ट में बताया है कि अक्षय 'समुक' में मशहूर बंगाली एक्ट्रेस रुक्मिणी मैत्र के साथ रोमांस करते दिखाई दे सकते हैं. आमतौर पर साउथ की हीरोइनों को बॉलीवुड फिल्मों में कास्ट किया जाता रहा है. पर विपुल अमृतलाल शाह ने अपनी इस फिल्म के लिए बंगाली एक्ट्रेस को अप्रोच किया है. रुक्मिणी मैत्र बंगाली सिनेमा की जानी मानी एक्ट्रेस हैं. रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से कहा गया, 'कनिष्क वर्मा के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म के लिए मैत्र के साथ एक अहम रोल के लिए चर्चा जारी है. रुक्मिणी का किरदार दिलचस्प है और वो अक्षय कुमार के किरदार के साथ अच्छी तरह जमेगा. मेकर्स को ऐसे कलाकार की तलाश थी, जिसमें जबरदस्त अभिनय क्षमता और दमदार स्क्रीन प्रेजेंस हो.' 'समुक' रुक्मिणी मैत्र की बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म होने वाली है.

### कौन हैं रुक्मिणी मैत्र?

रुक्मिणी मैत्र बंगाली सिनेमा में कई सालों से एक्टिव हैं. वो पश्चिम बंगाल के कोलकाता की रहने वाली हैं. उनका जन्म 27 जून 1991 को हुआ था. कम उम्र में ही उनका झुकाव एक्टिंग की ओर चला गया था. उन्होंने कोलकाता के लोरेटे कॉलेज से साइकॉलिजी में ग्रैजुएशन किया है. पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने मॉडलिंग करना भी शुरू कर दिया था. 2010 की शुरुआत में उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और कुछ सालों में बंगाली सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस बन गईं. 'समुक' को विपुल शाह और अक्षय कुमार मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं. विपुल शाह और अक्षय करीब 12 साल बाद 'समुक' में साथ काम कर रहे हैं. इससे पहले दोनों ने साथ में फिल्म 'हॉलीडे: अ सोल्जर इस नेवर ऑफ ड्यूटी' में काम किया था, जो कि हिट रही थी. इस जोड़ी ने साथ में 'आंखें' (2002), 'वक्त: द रेस अगेंस्ट टाइम' (2005), 'नमस्ते लंदन' (2007) और 'एक्शन रीप्ले' (2010) जैसी फिल्में की हैं.

## यूके-कनाडा-सिंगापुर में भी देखा जा सकेगा बिग बॉस-20




अभिनेता सलमान खान द्वारा होस्ट किया गया शो 'बिग बॉस-20' रिलीज होने के लिए तैयार है। इंटरनेशनल लॉन्च के साथ अब इन तीन देशों के दर्शक भी बिग बॉस के छह भाषाओं वाले एडिशन में लाइव वोटिंग के जरिए हिस्सा ले सकेंगे। यूके, कनाडा और सिंगापुर में भी देखा जा सकेगा। क्योंकि हॉटस्टार अपनी स्ट्रीमिंग सर्विस को इंटरनेशनल लेवल पर लेकर जा रहा है। यूके और कनाडा के दर्शकों को 24×7 लाइव फीड देखने को मिलेगा जबकि कनाडा के दर्शक बिग बॉस हिंदी को टीवी प्रसारण से 7 दिन पहले भी देख सकेंगे। शो कलर्स टीवी प्रसारण के साथ-साथ जियो हॉटस्टार पर भी स्ट्रीम होगा। बिग बॉस 20 की थीम 'वरदान' (एक्स्ट्रा जीवनदान) रखी गई है। खेल के दौरान घर से एलिमिनेट होने वाला प्रतियोगी तुरंत बाहर नहीं जाएगा बल्कि उसे गेम में वापसी का एक और मौका मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सीजन में करीब 20 प्रतियोगी हिस्सा ले सकते हैं। ईशा रिखी (मॉडल-एक्ट्रेस), अमन गांधी (टीवी एक्टर), आम्रपाली दुबे (भोजपुरी एक्ट्रेस), कुशाल तंवर उर्फ गुल्लू, खुशी दुबे और शौविक चक्रवर्ती जैसे कंटेस्टेंट के आने की संभावना जताई जा रही है।

बिग बॉस के अलावा इंटरनेशनल लाइन-अप में अली बाबा और चालीस भूत, प्रिंस ऑफ मॉलीवुड, पार्ट टाइमर्स और द कोर्ट जैसे शो के साथ-साथ कई फिल्मों के प्रीमियर भी शामिल हैं। प्लेटफॉर्म पर जियोस्टार के टीवी चैनल्स जैसे स्टार प्लस, कलर्स, स्टार विजय, एशियानेट, स्टार जलसा और स्टार प्रवाह के कंटेंट भी दिखाए जाएंगे। 'अनुपमा', 'ये रिश्ता क्या कहलाता है', 'सेहर होने को है' और 'अझागे अझागु' जैसे शोज भी उपलब्ध होंगे, जो कनाडा और सिंगापुर में पहले और यूके में टीवी के साथ ही देखे जा सकेंगे।

# आईएसएल 2026-27 की शुरूआत 10 अक्टूबर से, आठ महीने तक चलेगा टूनार्मेंट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के नए सत्र की शुरूआत 10 अक्टूबर से होगी जो मई 2027 तक चलेगा। शनिवार को लीग के नए सत्र के शुरूआत की तारीख घोषित की गई।

नए सत्र में आईएसएल अपने पारंपरिक होम और अवे मैदान वाले प्रारूप में लौटेगा। लीग चरण में शीर्ष पर रहने वाली टीम को शील्ड विजेता घोषित किया जाएगा। यही टीम आईएसएल की आधिकारिक चैंपियन होगी और उसे एशियाई प्रतियोगिता में खेलने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा प्लेऑफ प्रारूप की भी वापसी होगी। लीग तालिका में शीर्ष छह स्थान हासिल करने वाली टीमें आईएसएल कप के लिए मुकाबला करेंगी। आठ महीने तक चलने वाले सत्र में कुल 163 मुकाबले खेले जाएं गे।

कुल 13 टीमें राउंड-रॉबिन, होम और अवे वाले प्रारूप में हिस्सा लेंगी। हालांकि, चर्चिल ब्रदर्स की भागीदारी नियामकीय मंजूरी पर निर्भर है।सत्र में हिस्सा लेने वाली टीमों में बेंगलुरु एफसी, चेन्नईयिन एफसी, चर्चिल ब्रदर्स एफसी, ईस्ट बंगाल एफसी, एफसी गोवा, इंटर काशी एफसी, केरल ब्लास्टर्स एफसी, मोहन बागान सुपर जायंट, मुंबई सिटी एफसी, नॉर्थ-ईस्ट यूनाइटेड एफसी, ओडिशा एफसी, पंजाब एफसी और स्पोर्टिंग क्लब दिल्ली शामिल हैं। 2025-26 इंडियन फुटबॉल लीग का खिताब जीतकर आईएसएल में पदोन्नति हासिल करने वाले डायमंड हार्बर एफसी ने 2026-27 सत्र के लिए प्रशासनिक शुल्क की अनिवार्य शर्त पूरी नहीं की। इसके चलते क्लब ने पदोन्नत टीम के रूप में मिले स्थान को स्वीकार नहीं किया। लीग की पदोन्नति और निर्वासन व्यवस्था के तहत डायमंड हार्बर इस सत्र में अंक हासिल करने के लिए पात्र नहीं होगा और उसे तालिका में सबसे नीचे रखा जाएगा। क्लब 2027-28 सत्र के लिए अपना आईएसएल दर्जा भी बरकरार नहीं रख पाएगा और उस सत्र में इंडियन फुटबॉल लीग में खेलेगा।

# मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव आज से दुबई के तीन दिवसीय दौरे पर, यूएई के निवेशकों से करेंगे संवाद

एजेंसी

**भोपाल :** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रविवार से दुबई के तीन दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे इन्वेस्ट मध्य प्रदेशझ्रदुबई 2026 के तहत संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के प्रमुख निवेशकों, उद्योग समूहों और वैश्विक कारोबारी नेतृत्व के साथ मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर सीधा संवाद करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी बबीता मिश्रा ने बताया कि दुबई में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की भागीदारी का एक महत्वपूर्ण पक्ष एआईएम कांग्रेस-2026 में सहभागिता का भी रहेगा। इसके माध्यम से मध्य प्रदेश को अंतरराष्ट्रीय उद्योग समुदाय के सामने अपनी औद्योगिक और पर्यटन क्षमताओं को प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा, साथ ही विभिन्न देशों और संयुक्त अरब



अमीरात के शीर्ष नीति-निमार्ताओं एवं कारोबारी नेतृत्व के साथ बैठकों में मध्य प्रदेश में निवेश की संभावनाओं, सहयोग और नए अवसरों पर चर्चा होगी। उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में निवेशकों के साथ वन-टू-वन बैठकों से लेकर उच्चस्तरीय शासन-स्तरीय मुलाकातें, एआईएम कांग्रेस में मध्य प्रदेश पवेलियन का उद्घाटन, इन्वेस्ट इन मध्य प्रदेशझ्रइंडिया निवेश सत्र, शारजाह के उद्योग प्रतिनिधियों के साथ संवाद तथा दुबई के प्रमुख उद्योग समूहों के साथ बैठकें शामिल हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से मध्य प्रदेश की औद्योगिक, व्यापारिक और पर्यटन क्षमता को निवेशकों के सामने प्रभावी ढंग से रखा जाएगा। पहला दिन- प्रवासी भारतीयों से संवाद और वैश्विक कारोबारी समुदाय से संपर्क राज्य शासन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दुबई पहुंचने पर प्रवासी भारतीय समुदाय द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद ओडीओपी (एक जिला-एक उत्पाद) स्टॉल का उद्घाटन होगा। स्टॉल में मध्य प्रदेश के बेल मेटल, चंदेरी, माहेश्वरी, बाटिक, जरी-जरदोजी और ग्वालियर कारपेट जैसे स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री यूएई में भारत के राजदूत डॉ. दीपक मित्तल और दुबई के महावाणिज्य दूत डॉ. ई. विष्णु वर्धन रेड्डी से मुलाकात कर द्विपक्षीय आर्थिक एवं निवेश संबंधों से जुड़े विषयों पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री अरब संसद के अध्यक्ष मोहम्मद अहमद अल यम्माही के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे और अरब संसद के अध्यक्ष एवं सदस्यों को इन्वेस्ट मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री मीडिया से संवाद करेंगे तथा एआईएम कांग्रेस-2026 के आमंत्रण-आधारित ह्यटाइकून्सह्ल कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में करीब 500 संप्रभु संपदा कोष, फैमिली ऑफिस और प्रमुख कॉरपोरेट संस्थानों के प्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। यहां निवेश के प्रमुख विषयों पर संवाद के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव एआईएम कांग्रेस के अध्यक्ष महामहिम डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी के साथ बैठक भी करेंगे। 7 सितंबर 2026 दूसरा दिन- एआईएम कांग्रेस में मध्य प्रदेश की वैश्विक निवेश क्षमता का प्रदर्शन दूसरे दिन का केंद्र एआईएम कांग्रेस-2026 रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्य प्रदेश पवेलियन का उद्घाटन करेंगे। पवेलियन के माध्यम से प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश अवसरों और प्रमुख क्षेत्रों को अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्यमंत्री संघीय सर्वोच्च परिषद के सदस्य एवं रास अल खैमाह के शासक शेख सऊद बिन सक्र अल कासिमी से शिष्टाचार भेंट करेंगे तथा उन्हें इन्वेस्ट मध्य प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2027 के लिए आमंत्रित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव एआईएम कांग्रेस के उद्घाटन समारोह में राष्ट्राध्यक्षों एवं शासनाध्यक्षों की उपस्थिति में लीडर्स सेशन को संबोधित करेंगे। इसके बाद तातारस्तान गणराज्य के गवर्नर के साथ बैठक होगी। वहीं इन्वेस्ट इन मध्य प्रदेश झ्रइंडिया निवेश सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश की निवेश संभावनाओं और राज्य की नीतिगत तैयारियों को वैश्विक निवेशकों के सामने रखेंगे। इस सत्र को विदेश व्यापार राज्य मंत्री महामहिम डॉ. थानी बिन अहमद अल जेयूदी भी संबोधित करेंगे।

## लखनऊ : डबल डेकर बस में लगी भीषण आग, 30 यात्री सकुशल रेस्क्यू



एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रविवार को शहीद पथ पर एक डबल डेकर बस में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। बस गोरखपुर से गुजरात जा रही थी। मेदांता अस्पताल के सामने बस में आग लगने की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया।प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, चलते समय बस के एक टायर में आग लगी, जिसने देखते ही देखते बस के पिछले हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया। आग तेजी से फैलने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया। हालांकि, समय रहते सभी 30 यात्रियों को बस से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ यात्रियों के सामान के जलने की जानकारी सामने आई है। सूचना मिलते ही अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी, सहायक पुलिस आयुक्त गोसाईंगंज और सुशांत गोल्फ सिटी थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे।


## वाराणसी से 17 सितंबर को निकलेगी भाजयुमो की सेवा संकल्प बाइक यात्रा, 7 अक्टूबर को वडनगर में होगा समापन

-10 राज्यों से गुजरेंगे युवा बाइकर्स, 20 दिन में तय करेंगे करीब 2000 किमी का सफर

-10 नदियों के जल से होगा काशी विश्वनाथ का जलाभिषेक

एजेंसी

वाराणसी, 06 सितंबर (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की ओर से काशी से गुजरात के वडनगर तक ह्यसेवा संकल्प बाइक यात्राह्ल निकाली जाएगी। करीब 20 दिन चलने वाली इस यात्रा का शुभारंभ 17 सितंबर को काशी विश्वनाथ मंदिर में 10 नदियों के जल से भगवान काशी विश्वनाथ के जलाभिषेक के बाद होगा। यात्रा का समापन 7 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान



वडनगर में किया जाएगा।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक दिलीप पटेल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को पार्टी ने ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में प्रधानमंत्री के जन्मस्थान वडनगर और कर्मभूमि काशी से यात्राएं निकाली जाएंगी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन केवल बाइक यात्रा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा के रूप में आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि कुल 20 बाइक यात्राएं प्रस्तावित हैं। इनमें 10 यात्राएं वडनगर से और 10 यात्राएं काशी से शुरू होंगी। प्रत्येक टोली में 25 बाइक सवार होंगे और प्रत्येक बाइक पर दो लोग सवार रहेंगे। युवा कार्यकर्ता करीब 20 दिनों तक प्रतिदिन लगभग 100 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। यात्रा के मार्ग में विभिन्न स्थानों पर सेवा, संवाद और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

यात्रा का उद्देश्य युवाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाना भर नहीं है। इसके माध्यम से गांवों और कस्बों में लोगों से संवाद कर सेवा, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सरोकारों का संदेश पहुंचाया जाएगा। यात्रा के प्रत्येक दिन की शुरूआत पौधरोपण से होगी। 25 यात्रियों की ओर से ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के तहत पौधे लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही स्वच्छता, टीबी मुक्त भारत और कुपोषण जैसे विषयों पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। यात्रा के दौरान ग्रामीणों और स्थानीय लोगों से संवाद कर यह जानने का प्रयास भी किया जाएगा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से उनके जीवन में किस तरह का बदलाव आया है।

## नेपाल : बाढ़ के बाद बढ़ा हैजा का खतरा, रसुवा भेजी गईं 21 हजार वैक्सीन डोज

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन के बाद हैजा फैलने के खतरे को देखते हुए रसुवा में हैजा रोधी वैक्सीन की 21 हजार डोज भेजी गई हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सहयोग से प्राप्त इन वैक्सीन को नेपाली सेना के हेलीकॉप्टर से रविवार सुबह रसुवा भेजा गया।

स्वास्थ्य तथा जनसंख्या मंत्री निशा मेहता ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हैजा और अन्य जलजनित बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए दवाएं, वैक्सीन, स्वास्थ्य सामग्री और आवश्यक जनस्वास्थ्य सेवाएं तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

मंत्री के निर्देश के बाद प्रभावित क्षेत्रों में वैक्सीन और



दवाएं भेजने के साथ बीमारी की निगरानी बढ़ाने, सुरक्षित पेयजल एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने और आवश्यक स्वास्थ्यकर्मियों की तैनाती का काम शुरू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि बाढ़ के कारण पेयजल स्रोतों और वितरण प्रणालियों को नुकसान पहुंचा है। इससे हैजा समेत अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों में बीमारी की रोकथाम, जल्द पहचान और समय पर उपचार की व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है।

## नेपाल में बाढ़ की तबाही: 1,344 शव बरामद, 4,996 लोग अब भी लापता

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने बाढ़ के बाद जारी खोज, बचाव और राहत अभियान का ताजा अपडेट जारी किया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, बाढ़ प्रभावित विभिन्न जिलों में अब तक 1,344 लोगों के शव बरामद किए गए हैं, लेकिन इनमें सिर्फ 18 की पहचान हो सकी है। प्राधिकरण के मुताबिक, रसुवा में 163, नुवाकोट में 195, धादिंग में 67, गोरखा में 74, तनहूं में 38, नवलपरासी पूर्व में 222, नवलपरासी पश्चिम में 220 और चितवन में 362 शव बरामद हुए हैं। वहीं, करीब 4,996 लोग अब भी संपर्कविहीन हैं। इनमें रसुवा के करीब 1,967 और नुवाकोट के 2,340



नेपाली नागरिकों के अलावा करीब 589 विदेशी नागरिक तथा करीब 100 सुरक्षाकर्मी और कर्मचारी शामिल हैं। राहत एवं बचाव अभियान के तहत अब तक 13,904 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। इनमें नेपाली सेना ने 4,162, नेपाल पुलिस ने 4,065 और सशस्त्र पुलिस बल ने 4,674 लोगों का रेस्क्यू किया है। नेपाली सेना ने हवाई मार्ग से 275 विदेशी और 3,687 नेपाली नागरिकों को सुरक्षित निकाला, जबकि 200 लोगों को जमीनी रास्ते से बचाया गया। बाढ़ में घायल 6,075 लोगों का उपचार किया जा चुका है। इनमें विभिन्न अस्पतालों में 316, नेपाली सेना के माध्यम से 3,297 और सशस्त्र पुलिस बल के माध्यम से 2,462 घायलों का इलाज किया गया।प्राधिकरण के अनुसार, रसुवा, नुवाकोट, धादिंग और काठमांडू में 39 होल्डिंग सेंटर बनाए गए हैं। इन केंद्रों में फिलहाल कुल 3,652 लोग रह रहे हैं।

## वाशिंगटन और ईरान के बीच सैन्य टकराव बढ़ा, होर्मुज में एक-दूसरे के तेल टैंकरों पर हमला

एजेंसी

**वाशिंगटन/तेहरान :** होर्मुज जलडमरूमध्य का सारा इलाका इस समय रॉकेट, ड्रोन और मिसाइलों के निशाने पर है। अमेरिका और वाशिंगटन ने एक-दूसरे के तेल टैंकरों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। पश्चिम एशिया (मध्य पूर्व) में गहराते संकट के बीच ऐसा पहली बार हो रहा है जब वाशिंगटन और तेहरान की मिसाइलें सीधे तेल टैंकरों को उड़ा रही हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) के अनुसार, यह कार्रवाई ईरान की ओर से अमेरिकी नौसेना के दो जहाजों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागे जाने के कुछ घंटे बाद की गई। ईरान ने दो अमेरिकी नौसेना के जहाजों को निशाना बनाकर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। अमेरिकी युद्धपोत इन मिसाइलों से बचने में सफल रहे। इस हमले में किसी अमेरिकी सैन्यकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं



है। अमेरिकी बलों ने ईरान के तीन कच्चे तेल के टैंकरों पर हमला किया। यह कार्रवाई वाशिंगटन और तेहरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव में एक और बड़ी वृद्धि के तौर पर देखी जा रही है। क्षेत्र में पहले से ही वाणिज्यिक जहाजों की आवाजाही प्रभावित है। संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा बाजार में भी अस्थिरता बढ़ी है। तेल टैंकरों पर हमले से समुद्री परिवहन और ऊर्जा आपूर्ति की सुरक्षा को लेकर चिंता और बढ़ सकती है। सीबीएस न्यूज और अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड के एक एयरक्राफ्ट कैरियर और गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागने के बाद अमेरिका ने फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी में तीन ईरानी तेल टैंकर पर हमलाकर उन्हें पानी में मिला दिया। इस हमले में अमेरिका का कोई भी युद्धपोत क्षतिग्रस्त नहीं हुआ और ना ही कोई घायल हुआ। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि शनिवार सुबह ईरानी टैंकरों पर अमेरिकी हमलों के जवाब में उन्होंने कई जहाजों पर हमला किया, जिनमें कथित तौर पर अमेरिका से जुड़े जहाज भी शामिल हैं। गार्ड्स ने एक बयान में कहा कि उनकी नौसेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य के अनधिकृत रास्ते पर तीन तेल टैंकरों और अन्य इलाकों में बच्चों की हत्या करने वाले अमेरिका से जुड़े तीन जहाजों को निशाना बनाया। उन्होंने दूसरे जहाजों को चेतावनी दी कि वे बिना मंजूरी वाले रास्तों से गुजरने की कोशिश न करें। अमेरिका ने इस बारे में तुरंत कोई पुष्टि नहीं की। इससे पहले शनिवार को, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने कहा कि फारस की खाड़ी में तीन ईरानी तेल टैंकरों को हमेशा के लिए बेकार कर दिया गया है। यह कार्रवाई तब की गई जब ईरान के गार्ड्स ने अमेरिका के एयरक्राफ्ट कैरियर और गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

ईरान ने चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका शिपिंग पर हमले जारी रखता है, तो अमेरिकी जहाजों पर हमले और भी गंभीर होंगे। इस पर इजराइल के इंस्टीट्यूट फॉर नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज में ईरान मामलों के विशेषज्ञ डैनी सिट्रिनोविच ने एक्स पर कहा कि ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल से अमेरिकी एयरक्राफ्ट कैरियर को निशाना बनाना यह दिखाता है कि तेहरान अब उन जोखिमों को उठाने के लिए ज्यादा तैयार हो रहा है जिनसे वह पहले बचना चाहता था। ईरानी संसद के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के सदस्य और प्रवक्ता हसन घशघवी ने अमेरिकी युद्धपोतों पर हुए हमलों को ₹अमेरिका के साथ अस्तित्व की लड़ाई₹ का हिस्सा बताया है। उनका तर्क है कि वाशिंगटन की नौसैनिक नाकाबंदी कभी होनी ही नहीं चाहिए थी।

## औरैया के सुभाष चौक पर पौधारोपण, रंग-बिरंगे फूलों से महकेगा ऐतिहासिक चौराहा

**औरैया :** उत्तर प्रदेश के औरैया जनपद को पर्यावरण संरक्षण और शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति रजि. औरैया की ओर से चलाए जा रहे जीवनधारा पौधारोपण अभियान के तहत रविवार को शहर की ऐतिहासिक धरोहर सुभाष चौक पर पौधारोपण किया गया। समिति ने अभियान के तहत 5100 पौधे लगाने और वितरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। समिति के अध्यक्ष राजीव पोरवाल (रानू) के नेतृत्व में रविवार सुबह सात बजे सुभाष चौक पर पहले सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद चांदनी, क्रोटन, सदाबहार सहित विभिन्न प्रजातियों के रंग-बिरंगे फूलों वाले पौधे लगाए गए। इस दौरान लोगों को उनकी पसंद के पौधे निःशुल्क वितरित भी किए गए। लगाए गए पौधों की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी समिति के सदस्यों को सौंपी गई। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि सुभाष चौक औरैया शहर का केंद्र बिंदु होने के साथ ही जनपद का हृदय स्वरूप है। इसके संरक्षण और सौंदर्यीकरण की जिम्मेदारी सभी की है। चौक के हरे-भरे रहने और रंग-बिरंगे फूलों की खुशबू से आसपास का वातावरण खुशनुमा होगा तथा यहां से गुजरने वाले लोगों को भी आनंद और आत्मिक प्रसन्नता की अनुभूति होगी।

उन्होंने कहा कि पर्यावरण असंतुलन और भविष्य में आने वाली संभावित आपदाओं को देखते हुए पौधारोपण बेहद जरूरी है। समिति की ओर से अब तक 4890 पौधों का पौधारोपण एवं वितरण किया जा चुका है। लक्ष्य पूरा होने तक जीवनधारा पौधारोपण अभियान जारी रहेगा और लोगों को उनकी पसंद के पौधे वितरित किए जाएंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त बैंककर्मी तेज बहादुर वर्मा, राकेश गुप्ता, डॉ. शिवकुमार सोनी, मोहन पुरवार, समाजसेवी एलएन गुप्ता, अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के जिला महामंत्री नरेश चंद्र शिवहरे, नगर अध्यक्ष देवमुनि पोरवाल, पर्यावरण प्रहरी मनीष पुरवार (हीरु), हरिओम तिवारी, राम आसरे गुप्ता सहित अन्य पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

## पाडुली के जंगल में बाघ ने दो महिलाओं पर किया हमला

**गोपेश्वर :** चमोली जिला मुख्यालय गोपेश्वर के निकटवर्ती पाडुली गांव के जंगल में रविवार को बाघ ने दो महिलाओं पर जानलेवा हमला कर दिया। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र बिष्ट, मुकुल बिष्ट और सुबोध बिष्ट ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र में बाघ की सक्रियता लंबे समय से बनी हुई है। इससे पहले भी बाघ कई मवेशियों को अपना शिकार बना चुका है। अब महिला पर हमले की घटना से जंगल जाने वाले ग्रामीणों और खासकर महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह की सुबह जब गांव की कुछ महिलाएं चारापत्ति लेने के लिए पाडुली गांव के समीप के गथातोक के पंडोली धार में जंगल गई थी, अचानक बाघ ने रेखा बिष्ट पत्नी विनोद बिष्ट और भागा देवी पत्नी स्व. विरेंद्र सिंह पर अचानक बाघ ने हमला कर दिया। हमले के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

उनका कहना है कि बाघ के लगातार बढ़ते आतंक के कारण जंगल में जाना जोखिम भरा हो गया है। वन विभाग से तत्काल मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और बाघ से सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने मांग की है कि वन विभाग बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए क्षेत्र में निगरानी बढ़ाए और आवश्यक कार्रवाई करे, ताकि दोबारा इस तरह की घटना न हो।

## लम्पी में जनगणना में मेघालय समर्थकों ने डाला व्यवधान

**गुवाहाटी, :** कामरूप जिले के लम्पी स्थित नोआपाड़ा एलपी स्कूल में चल रही जनगणना के दौरान कुछ मेघालय समर्थकों द्वारा कथित रूप से बाधा डालने का मामला सामने आया है। गणना के दौरान गांव प्रधान चांकीओ मराक और आरथुच चांगमाई ने मेघालय पुलिस के साथ मिलकर गणना प्रक्रिया में कथित तौर पर हस्तक्षेप किया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची असम पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित किया गया। घटना को लेकर विस्तृत जानकारी की प्रतीक्षा है।

## शिक्षक दिवस पर स्कूल से अनुपस्थित शिक्षिका निलंबित

**गोपेश्वर :** चमोली जिले के ज्योतिर्मठ विकासखंड स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भलगांव में शिक्षक दिवस के दिन विद्यालय से अनुपस्थित रहने के आरोप में सहायक अध्यापिका रेनू डंगवाल को शिक्षा विभाग ने निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक शिक्षा) पंकज कुमार उप्रेती ने अभिभावकों की शिकायत और उप शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा ज्योतिर्मठ की जांच आख्या के आधार पर शिक्षिका के खिलाफ कार्रवाई की है। निलंबन आदेश के अनुसार पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षिका विद्यालय में उपस्थित नहीं थीं। इससे विद्यालय का शिक्षण कार्य प्रभावित होने और छात्र-छात्राओं को आवश्यक विषयगत जानकारी नहीं मिल पाने का उल्लेख किया गया है। अभिभावकों के अनुसार शिक्षक दिवस पर बच्चे शिक्षकों को बधाई देने के लिए विद्यालय पहुंचे थे। कई अभिभावक भी बच्चों के साथ स्कूल पहुंचे, लेकिन शिक्षकों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। इसके बाद अभिभावकों ने शिक्षा विभाग से शिकायत कर विद्यालय में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति और शिक्षण व्यवस्था की निगरानी की मांग की थी।शिकायत के बाद उप शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा ज्योतिर्मठ ने मामले की आख्या जिला शिक्षा अधिकारी को भेजी। इसके आधार पर शिक्षिका को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। विभागीय जांच की जिम्मेदारी भी उप शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक शिक्षा ज्योतिर्मठ को सौंपी गई है। निलंबन अवधि में शिक्षिका को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। विभागीय जांच पूरी होने के बाद आरोपों के संबंध में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नूरपुर में मारपीट व एससी-एसटी एक्ट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**धर्मशाला :** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा आपराधिक घटनाओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए पुलिस थाना नूरपुर के तहत गांव नडाई में हुई मारपीट, संपत्ति को नुकसान पहुंचाने तथा अन्य धाराओं के तहत दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि बीते 29 अगस्त 2026 को गांव नडाई, डाकघर कंडवाल क्षेत्र में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने, वाहन को नुकसान पहुंचाने तथा कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने के संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी। प्राप्त शिकायत के आधार पर पुलिस थाना नूरपुर में विभिन्न धाराओं सहित एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले में गिरफ्तार दो आरोपियों में विश्व सिंह उर्फ विशु, उम्र 20 वर्ष पुत्र बलबीर सिंह, निवासी नरड़ा, डाकघर कंडवाल, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा तथा राजन सिंह उर्फ काका, उम्र 30 वर्ष पुत्र हरबंस सिंह, निवासी गांव व डाकघर बरांडा, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा शामिल हैं। एसपी नूरपुर इल्मा अफरोज ने बताया कि मामले में आगामी जांच जारी है तथा प्रकरण से जुड़े अन्य तथ्यों व साक्ष्यों के आधार पर आगामी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

# बाल विवाह के खिलाफ भारत की मुहिम को वैश्विक मान्यता झारखंड ने लिया सख्त कार्रवाई का संकल्प

## संयुक्त राष्ट्र ने 27 नवंबर को घोषित किया अंतरराष्ट्रीय दिवस

मेट्रो रेज

**नई दिल्ली/रांची:** बाल विवाह के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत से उठी आवाज को वैश्विक मान्यता मिली है। संयुक्त राष्ट्र ने 27 नवंबर को बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किया है। भारत के लिए इस तारीख का विशेष महत्व है, क्योंकि 27 नवंबर 2024 को ही भारत सरकार ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की शुरूआत की थी।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के संस्थापक भुवन ऋभु ने बाल विवाह के खात्मे के लिए एक अलग समर्पित अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित किए जाने की पहल की थी। मार्च 2026 में संयुक्त राष्ट्र में भुवन ऋभु ने अपने संबोधन के दौरान कई वैश्विक नेताओं की मौजूदगी में एक बार फिर बाल विवाह के खिलाफ एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने के लिए प्रस्ताव लाने की बात कही। तब अफ्रीकी देश सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी डॉ। फातिमा मादा बायो भी मौजूद थीं, जिन्होंने इस पहल का समर्थन किया। इसके बाद सिएरा लियोन ने भारत सहित 67 देशों के अनुमोदन वाला प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में पेश किया, जिसमें 27 नवंबर को बाल विवाह समाप्त करने के लिए समर्पित वैश्विक दिवस घोषित करने की बात थी। 4 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव पेश करने के दौरान सिएरा लियोन की फर्स्ट



लेडी डॉ। फातिमा मादा बायो ने यूएन हॉल में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन का विशेष रूप से उल्लेख भी किया।

जेआरसी बाल संरक्षण के क्षेत्र में काम करने वाले नागरिक समाज संगठनों का दुनिया का सबसे बड़ा नेटवर्क है और अपने 'चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड' अभियान के तहत बाल विवाह के खिलाफ एक वैश्विक लड़ाई लड़ रहा है। भारत में, जेआरसी अपने सहयोगी संगठनों के साथ देश के सभी 782 जिलों में बाल विवाह के लिए संवेदनशील समुदायों के बीच काम कर रहा है। जेआरसी ने अपने सहयोगी संगठनों के साथ सरकारों और कानून-प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से समुदायों, स्कूलों, पंचायतों, आदिवासी और वंचित समुदायों, महिलाओं, पुलिसकर्मियों, धर्मगुरुओं और जनप्रतिनिधियों को बाल विवाह रोकने के लिए एकजुट किया है। पिछले तीन वर्षों में जेआरसी ने झारखंड के 24 जिलों में 21 सहयोगी संगठनों के साथ मिलकर 1,14,114, जबकि पूरे भारत में 5,50,000 लाख से अधिक बाल विवाह रुकवाएं हैं।

संयुक्त राष्ट्र में इस प्रस्ताव के अपनाए जाने के मौके पर यूएन प्रतिनिधिमंडल के साथ मौजूद जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संस्थापक भुवन ऋभु, नागरिक समाज संगठनों की ओर से एकमात्र प्रतिनिधि थे। उन्होंने इस घोषणा का स्वागत करते हुए कहा, ह्लआज भारत बाल संरक्षण के क्षेत्र में दुनिया के सामने विश्वगुरु के रूप में स्थापित हो रहा है। ह्यचाइल्ड मैरिज फ्री इंडियाह्व अभियान की शुरूआत सबसे पहले बच्चों और समुदायों ने की और बाद में सरकार ने इसे समर्थन देकर बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया। 27 नवंबर 2024 को इस अभियान के तहत 25 करोड़ से ज्यादा लोगों ने एक साथ मिलकर बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली थी। आज यही अभियान विश्व द्वारा स्वीकार किए गए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस का रूप ले चुका है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का पल है। मैं बच्चों, समुदाय के नेताओं, धर्मगुरुओं और खासतौर से अपने सभी सहयोगी संगठनों को बधाई और धन्यवाद देना चाहता हूं, जिनकी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता ने आज के इस दिन को संभव बनाया। मैं प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली भारत सरकार और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी को उनके निर्णायक नेतृत्व और प्रतिबद्धता के लिए विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहता हूं। दुनिया हमारी ओर देख रही है और हमारा काम अभी बस शुरू हुआ है।ह्व

उन्होंने कहा, आज का दिन उस निर्णायक मोड़ का प्रतीक है, जो यह दर्शाता है कि बाल विवाह जैसे अपराध का अंत अब निश्चित और जल्द होने वाला है। अब समय आ गया है कि दुनिया भर की सरकारें 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने के लिए निर्णायक नेतृत्व प्रदान करें और हर बच्चे की शिक्षा, सुरक्षा और विकास सुनिश्चित करें, ताकि वह अपनी पूरी क्षमता को साकार कर सके। उन्होंने कहा, मैं सिएरा लियोन की फर्स्ट लेडी का इस मुद्दे को मजबूती से आगे बढ़ाने में उनके नेतृत्व के लिए आभारी हूं। साथ ही मैं उन 67 देशों को भी धन्यवाद देना चाहता हूं, जिन्होंने हमारे प्रस्ताव का समर्थन किया।

इस मुहिम का प्रभाव झारखंड में बाल विवाह की दर में आई गिरावट में भी साफ नजर आता है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-5 (2019-21) के अनुसार राज्य में 32।2 फीसदी लड़कियों की शादी 18 साल से पहले हो चुकी थी, जबकि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे-6 (2023-24) में यह आंकड़ा घटकर 28।1 फीसदी रह गया, हालांकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 20।1 फीसदी है। भारत सरकार ने 2026 तक बाल विवाह की दर को 10 फीसदी तक घटाने का लक्ष्य रखा है। केंद्र और राज्य, दोनों ही स्तरों पर लगातार किए जा रहे प्रयासों की बदौलत उम्मीद है कि 2026 खत्म होते-होते भारत में बाल विवाह की दर 15 फीसदी से भी नीचे आ जाएगी। यह 2030 तक बाल विवाह को समाप्त करने की वैश्विक प्रतिबद्धता सतत विकास लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) के लक्ष्य 5।3 के अनुरूप है, जिसमें बाल विवाह, कम उम्र और जबरन विवाह जैसी सभी नुकसानदेह प्रथाओं को खत्म करने की बात कही गई है।

भारत ने अब बाल विवाह के खिलाफ अपनी मुहिम को देश की सीमाओं से आगे भी ले जाना शुरू कर दिया है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के प्रयासों से बाल विवाह मुक्त भारत की तर्ज पर दिसंबर 2024 में बाल विवाह मुक्त नेपाल अभियान शुरू हुआ। देखते-देखते यह मुहिम 99 से ज्यादा देशों तक पहुंची और 25 करोड़ से भी ज्यादा लोगों ने अपने मुल्कों में बाल विवाह के खात्मे की शपथ ली। जेआरसी ने दिसंबर 2025 से मार्च 2026 के बीच चाइल्ड मैरिज फ्री वर्ल्ड के लिए 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया। इसका लक्ष्य 100 देशों की सरकारों के साथ मिलकर एक लाख स्कूलों तक पहुंचना था। इस अभियान से मिले अनुभवों और सुझावों को संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पहुंचाया गया, ताकि बाल विवाह के खिलाफ दुनिया भर में मजबूत और समन्वित कार्रवाई की जा सके।

## धनबाद अनियंत्रित होकर पलटा ऑटो एक महिला की मौत, दूसरी घायल



संवाददाता

**धनबाद :** दिल्ली-कोलकाता नेशनल हाईवे पर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के कालारडीह मोड़ के समीप शनिवार देर शाम सड़क हादसा हो गया। बरवाअड्डा की ओर जा रहा एक तेज रफ्तार ऑटो (जेण्च 10 डीजे 8454) अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ऑटो के नीचे दबने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि दूसरी महिला गंभीर रूप से घायल हो गयी घटना की सूचना लोगों ने थाना को दी। सूचना मिलते ही गोविंदपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायल महिला को तुरंत अस्पताल भिजवाया और मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच भेजा गया। शुरूआती जानकारी के अनुसार मृतका बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के जयनगर निवासी बताई जा रही है। पुलिस आधिकारिक तौर पर उसकी पहचान की पुष्टि करने में जुटी है।

हादसे के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने दुर्घटना के लिए नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ट्रैफिक व्यवस्था और जारी निर्माण कार्य को जिम्मेदार ठहराया है।

लोगों का कहना है कि कालारडीह मोड़ के पास एलिवेटेड फ्लाईओवर का निर्माण चल रहा है लेकिन वाहनों की आवाजाही के लिए पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम नहीं किये गये हैं। स्थानीय लोगों का यह भी आरोप है कि उचित कट या गोलंबर न होने के कारण चालकों को परेशानी होती है आये दिन भयंकर जाम के साथ-साथ जानलेवा हादसे हो रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस ब्लैक स्पॉट पर लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन प्रशासन और एनएचएआई की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

## पलामू में जन्माष्टमी पर डांडिया और दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन



**पलामू:** जिला में जन्माष्टमी के मौके पर पहली बार डांडिया और दही-हंडी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। मेदिनीनगर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के द्वारा पलामू पुलिस लाइन में यह आयोजन किया गया। शनिवार की रात आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और पर मंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में पलामू डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत और एसपी कपिल चौधरी ने अपने परिवार के साथ भाग लिया। दही हांडी प्रतियोगिता में पलामू पुलिस, मरियम स्कूल ने भाग लिया। पलामू पुलिस दही हांडी प्रतियोगिता की विजेता रही। दरअसल पलामू जिला नक्सल हिंसा के दौर से निकलने के बाद इस तरह के आयोजन हो रहे हैं। मेदिनीनगर चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जन्माष्टमी को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी कर रहा था। डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि पलामू का माहौल बदल रहा है यह अच्छी बात है कि इस तरह के आयोजन हो रहा है जिसमें बड़ी संख्या में लोग भाग ले रहे है। जिला एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि यह बदलते पलामू का माहौल है और इसे प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरूआत में भजन संध्या का आयोजन किया गया बाद में दहीहंडी प्रतियोगिता आयोजित हुई। दही हांडी प्रतियोगिता के बाद डांडिया का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम के लिए बाहर से भी कलाकारों को बुलाया गया था। कार्यक्रम के आयोजन में मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष विकास सेठी, डॉ प्रवीण सिद्धार्थ, गुरबीर सिंह गोलू ,अनिल साहू समेत कई लोग शामिल रहे।

### बाढ़ के कारण जनजीवन हुआ बेहाल

## सीओ की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश



**बिहार/सारण/दीघवारा/अकीलपूर पंचायत:** पूर्ण रूप से बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में से एक है अकीलपूर पंचायत । यहां के लोगों को जीवनयापन करने में काफी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। बिहार सरकार के आदेशानुसार सभी जरूरतमंदों को राहत सामग्री सहायतार्थ देना अनिवार्य है। पहल भी हो रही है, मगर इनदिनों कुछ अलग ही गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है । दीघवारा सीवो द्वारा अकीलपूर पंचायत के 20 वार्ड के सभी ब्लॉक अधिकारी को बुलाकर उन्हें थोड़ा बहुत पलस्टिक देकर उनसे कहा जा रहा कि कि आपलोग अपने- अपने वार्ड को संभालें।

मगर वार्ड में प्लास्टिक का वितरण कैसे किया जाये। सभी जरूरत मंद हैं। जरूरत का 25% सामाग्री भी नहीं मिलता है और अधिकारियों से जबरन वितरण को कहा जाता है। सीवो बोलते है कि नहीं है अभी इतना ही बांटो।

जिलाधिकारी श्री सारण कहते हैं कि क्या आपदा प्रबंधन विभाग ने इस बार आपदा समागृह की उचित खरीदगी नहीं की है। अगर की है तो सामाग्री कम मात्रा में उपलब्ध क्यों कराये जा रहे हैं। यह जिलाधिकारी का दायित्व है कि प्रभावित जनमानस को सुविधाएं उपलब्ध कराया जाये। पीने के पानी की भी कोई व्यवस्था नहीं कराया गया है। जब सरकार ने हर सम्भव सहायता करने का निर्देश दिया है तो सुविधाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में आप के निचले स्तर के अधिकारियों को तकलीफ क्यों हो रही है।

## जन्माष्टमी जुलूस में विवाद के बाद युवक की मौत, कुएं में मिला शव

**पलामू :** तरहसी थाना क्षेत्र के छेचानी गांव में शनिवार रात जन्माष्टमी मूर्ति विसर्जन के लिए निकले जुलूस के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। आपसी विवाद के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान चिल्हो गांव निवासी 25 वर्षीय चंदन साव की मौत हो गई। चंदन का शव गांव के ही एक कुएं से बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार, मूर्ति विसर्जन के लिए जुलूस निकला था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। इसके बाद चंदन साव के लापता होने की बात सामने आई। खोजबीन के दौरान उसका शव कुएं में मिला। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। घटना की सूचना मिलने पर तरहसी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। पुलिस घटना के दौरान मौजूद लोगों से पूछताछ कर रही है। पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई जा रही है। इस संबंध में तरहसी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि फिलहाल घटना की स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पा रही है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। जांच पूरी होने के बाद ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

## ट्रैफिक चेकिंग के दौरान बाइक सवार और ट्रैफिक पुलिस के जवान के बीच जमकर मारपीट

**जमशेदपुर :** साकची स्थित शॉपर स्क्वायर के पास रविवार की सुबह करीब 11:30 बजे ट्रैफिक चेकिंग के दौरान हंगामा हो गया। ट्रैफिक पुलिस के जवान हरे किशन यादव और बाइक सवार युवक के बीच जमकर मारपीट हो गई। बाइक सवार युवक ने आरोप लगाया कि पुलिस छिपकर चेकिंग की जा रही थी। अचानक ट्रैफिक पुलिस के जवान बाइक के आगे आ गये। इस कारण हादसा हो गया।

## पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत, गुस्साए ग्रामीणों ने मुख्य पथ किया जाम

मेट्रोरेज संवाददाता

**हैदरनगर/ पलामू:** हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ पर सबनवा गांव के समीप रविवार को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार डाली गांव निवासी शंभू राम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। आक्रोशित ग्रामीणों ने



मुआवजा और फरार वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हैदरनगर-मोहम्मदगंज मुख्य पथ जाम कर दिया। सड़क जाम होने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।सूचना पर हैदरनगर और मोहम्मदगंज थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही है। पुलिस फरार पिकअप वाहन और चालक की तलाश में जुटी है। हादसे के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है। समाचार लिखे जाने तक जाम जारी था।

# मधुसूदन पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस धूमधाम से संपन्न, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

मेट्रो रेज

**चक्रधरपुर:** मधुसूदन पब्लिक स्कूल, आसनतलिया में भारत के महान दार्शनिक, शिक्षाविद्, विद्वान एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के पावन अवसर पर शिक्षक दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमापूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को डॉ राधाकृष्णन के महान व्यक्तित्व, उनके शैक्षिक विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका से परिचित कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव लक्ष्मण महतो, विद्यालय के चेयरमैन बीके हिंदवार, प्राचार्य के नागराजू एवं उप प्राचार्या आरती कोड़वार द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के परीक्षा नियंत्रक दिनेश चक्रवर्ती, सीसीए संयोजक केएल नारायण सहित विद्यालय के सभी सम्मानित शिक्षक-शिक्षिकाओं ने डॉ राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना व्यक्त करते



हुए मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव लक्ष्मण महतो को विद्यालय के प्राचार्य के नागराजू द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में विद्यालय के चेयरमैन बीके हिंदवार एवं कौशल हिंदवार को विद्यालय की हेड गर्ल मान्या द्वारा उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह गुरुजनों एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति विद्यार्थियों की श्रद्धा, सम्मान एवं कृतज्ञता का प्रतीक रहा। तत्पश्चात विद्यालय के प्राचार्य के नागराजू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन, उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ राधाकृष्णन का संपूर्ण जीवन शिक्षा, ज्ञान, संस्कार एवं राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने विद्यार्थियों से उनके आदर्शों एवं विचारों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा उनके द्वारा दिखाए गए सुमार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी बताया कि एक शिक्षक केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान ही नहीं देता, बल्कि उनके व्यक्तित्व, चरित्र, संस्कार एवं भविष्य के निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव लक्ष्मण महतो ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन एवं उनके शैक्षिक दर्शन के संबंध में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझने, अपने शिक्षकों का सम्मान करने तथा अनुशासन, संस्कार एवं नैतिक मूल्यों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वचन भी प्रदान किए।

कार्यक्रम में पाठ्य-सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत विद्यालय की कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के लिए टीचिंग एबिलिटी टेस्ट का आयोजन किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों को शिक्षक की भूमिका निभाने तथा अध्यापन कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह, आत्मविश्वास एवं रचनात्मकता के साथ इस गतिविधि में भाग लिया। उनके प्रस्तुतीकरण एवं अध्यापन क्षमता की विद्यालय के शिक्षकों द्वारा काफी सराहना की गई। इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, संप्रेषण कौशल, आत्मविश्वास तथा विषय को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने की क्षमता विकसित करने का प्रयास किया गया। विद्यालय की उप प्राचार्या आरती कोड़वार ने इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को शिक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने शिक्षकों के प्रति सदैव सम्मान एवं कृतज्ञता का भाव बनाए रखने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम को और अधिक आकर्षक एवं जीवंत बनाने में विद्यालय के कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक नाटक एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों में शिक्षकों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं प्रेम की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह एवं उल्लास का वातावरण बना रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के हेड बॉय आदित्य प्रकाश ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य, उप प्राचार्या, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने विशेष रूप से सभी शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से ही विद्यार्थी अपने जीवन में आगे बढ़ने की दिशा प्राप्त करते हैं।

समग्र रूप से शिक्षक दिवस का यह कार्यक्रम ज्ञान, संस्कार, सम्मान एवं कृतज्ञता की भावना से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को डॉ। सर्वपल्ली राधाकृष्णन के आदर्शों से प्रेरणा लेने तथा शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का अवसर प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी के सक्रिय सहयोग एवं सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।